रोहतक

गुरुवार 5 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 02

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 23.6
न्यून. 4.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,817.69 | 78.56 ▲ |
| निफ्टी | 25,776.00 | 48.45 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 1,58,660/- | 1660/- ▲ |
| चांदी | 2,71,836/- | 3836/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 90.43 | 11 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 67.26 बैरल 0.10% ▼


पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।







# संसद में किताबी घमासान

## राहुल गांधी ने नरवणे की किताब दिखाई, बोले-पीएम मोदी को दूंगा | भाजपा सासंद निशिकांत दुबे ने भी गांधी परिवार से जुड़ी पुस्तकें दिखाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में बुधवार को किताबी घमासान मचा। पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर नोकझोंक हुई। आर्मी चीफ एमएम नरवणे की जिस किताब को लेकर संसद में दो दिन से हंगामा हो रहा है, राहुल गांधी वही किताब लेकर संसद पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर पीएम आए तो उन्हें यह किताब दूंगा। वहीं, इसके जवाब में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गांधी परिवार और कांग्रेस पर लिखी किताबें और नोट्स दिखाए। उन्होंने कहा इन किताबों में गांधी परिवार और कांग्रेस परिवार की मक्कारी, गद्दारी, भ्रष्टाचार और अय्याशी का जिक्र है। विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे के चलते बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही 4 बार स्थगित हुई। शाम 5 बजे प्रधानमंत्री धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन विपक्ष की महिला सांसदों के हंगामे के चलते कार्यवाही स्थगित कर दी।



- पीएम मोदी इस किताब को पढ़ें ताकि देश को भी इसके बारे में पता चल सके
- केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और राहुल गांधी के बीच हुई तीखी बहस
- महिला कांग्रेस सांसदों ने पीएम मोदी की कुर्सी घेरी, पीएम का संबोधन टला
- निशिकांत बोले, इन किताबों में गांधी परिवार की मक्कारी और भ्रष्टाचार का जिक्र
- भाजपा ने बिट्टू पर टिप्पणी करने पर राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की
- स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में भी भाजपा-विपक्ष में तीखी बहस हुई

### सांसदों के निलंबन का विपक्ष ने किया विरोध

लोकसभा से निलंबित विपक्ष के 8 सांसदों ने पोस्टर लेकर विरोध जताया। पोस्टर पर लिखा- पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड (प्रधानमंत्री ने समझौता किया)। पोस्टर पर पूर्व आर्मी चीफ नरवणे, पीएम नरेंद्र मोदी और जेफ्री एपस्टीन की तस्वीर थी। इन सांसदों को चेयर की तरफ पेपर उछालने की शिकायत पर पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किया गया है। बुधवार सुबह लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही अमेरिका-भारत ट्रेड डील पर विपक्ष ने हंगामा किया।

### राहुल बोले-रवनीत मेरे गद्दार दोस्त

राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तीखी बहस हुई। राहुल ने रावनीत सिंह बिट्टू को पास से गुजरते देखकर कहा कि यहां एक गद्दार चल रहा है, देखिए इसका चेहरा। राहुल गांधी ने हाथ मिलाने की पेशकश करते हुए कहा कि हैलो भाई, मेरे गद्दार दोस्त। चिंता मत करो, आप वापस (कांग्रेस में) आ जाओगे। रावनीत ने हाथ नहीं मिलाया। उन्होंने जवाब में कहा कि देश के दुश्मनों से मेरा कोई लेना-देना नहीं है।

### हंगामे पर बिरला बोले आप मर्यादा तोड़ रहे

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने टेबल ठोंककर विरोध प्रदर्शन किया। राहुल गांधी को बोलने देने के लिए नारेबाजी की। विपक्षी सांसद वेल में आ गए। स्पीकर ओम बिरला ने कहा- बालू जी, आप सीनियर नेता है, ये आपको अच्छा लग रहा है? विपक्षी सांसद पोस्टर लेकर पहुंचे। स्पीकर बोले- विपक्षी सांसद मर्यादा तोड़ रहे हैं। आप शासन को झुका नहीं सकते। विरोध तर्कों से होता है। अहमति मुद्दों पर होती है। ये हंगामा करना ठीक नहीं है।

### अमेरिका-भारत की ट्रेड डील ऐतिहासिक : गोयल

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में अमेरिका से टैरिफ डील पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि डील ऐतिहासिक है। भारत के कृषि और खाद्य क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है। यह डील भारत के विकास में बेहद फायदेमंद होगी। गोयल के भाषण के दौरान विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। विपक्ष ने राहुल गांधी को बोलने दो', नरेंद्र मोदी-सरेंडर मोदी और 'डरता है डरता है नरेंद्र मोदी डरता है' के नारे लगाए।

## सुप्रीम कोर्ट में खुद बहस करने वाली पहली सीएम बनीं ममता

**नई दिल्ली (सेंट्रल डेस्क)।** एक मौजूदा मुख्यमंत्री के लिए संभवतः ऐसा पहली बार हुआ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को राज्य में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पेश हुईं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस अभ्यास का उपयोग चुनिंदा मतदाताओं के नाम हटाने के लिए किया जा रहा है और बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष पेश होकर बनर्जी ने हाथ जोड़कर अदालत को संबोधित करने की अनुमति मांगी और न्यायाधीशों से लोकतंत्र बचाने की अपील की। जब उन्होंने पांच मिनट का समय मांगा तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'हम आपको 15 मिनट देंगे।' तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा, हमारे वकील शुरू से न्याय के लिए लड़ते हैं, लेकिन जब हमें न्याय नहीं मिलता, तो न्याय दरवाजों के पीछे रोता है। राज्य सरकार का आरोप है कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया विधानसभा चुनावों से पहले मनमाने और जल्दबाजी में की जा रही है। हालांकि, चुनाव आयोग ने कहा है कि यह प्रक्रिया नियमित है और स्वच्छ मतदाता सूची सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने बनर्जी की याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया।



■ एसआईआर पर खुद पेश की दलीलें, कोर्ट ने आयोग को जारी किया नोटिस

# मोबाइल गेम की लत, 3 सगी बहनें 9वीं मंजिल से कूदीं

## नोट में लिखा-सॉरी मम्मी-पापा, गेम नहीं छोड़ पाएंगे

- पिता ने गेम खेलने से मना किया और लगाई थी फटकार
- तीनों की उम्र 12-14-16 साल
- कमरे को अंदर से बंद किया, फिर स्टूल रखकर एक-एक करके बालकनी से छलांग लगा दी



> अब आपको एहसास होगा कि हम गेम से कितना प्यार करते थे जिसको आप छुड़वाना चाहते थे

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** गाजियाबाद में तीन सगी बहनों ने नौवीं मंजिल की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात 2 बजे तीनों ने कमरे को अंदर से बंद किया, फिर स्टूल रखकर एक-एक करके बालकनी से छलांग लगा दी। उनकी उम्र करीब 12, 14 और 16 साल है। पिता के मुताबिक, तीनों बेटियों को टास्क-बेस्ड कोरियन लव गेम की लत थी। वे हर वक्त एक साथ रहती थीं। एक साथ नहाती थीं और टॉयलेट जाती थीं। इस कदर गेम की लत थी कि स्कूल भी छोड़ दिया था। पिता ने उन्हें गेम खेलने से मना किया और फटकार लगाई। इसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया। 18 पन्नों का सुसाइड नोट भी मिला है।

### 3 साल से खेल रही थी गेम

पिता चेतन ने बताया कि बेटियां 3 साल से यह गेम खेल रही थीं। 2 साल से स्कूल नहीं जा रही थीं। दिनभर गेम खेलती रहती थीं। आसपास के लोगों से बात भी नहीं करती थीं। अक्सर कहती थीं कि हम लोगों को कोरिया जाना है।

### बीच वाली बेटी टास्क देती थी बाकी दोनों बात मानती थीं

चेतन कहते हैं, "कभी हम उनके कमरे में चले जाते तो वहां से तीनों दूसरे कमरे में चली जाती थीं। बेटी प्राची गेम में डेथ कमांडर की भूमिका निभाती थी। वह दोनों को टास्क देती थी। दोनों बेटियां उसकी हर बात मानती थीं। तीनों बेटियां हर वक्त एक साथ रहती थीं। एक साथ ही टॉयलेट जाती थीं। नहाती भी साथ ही थीं।

## युमनाम खेमचंद मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री बने

**इंफाल।** भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री बने हैं। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार को इम्फाल स्थित लोकभवन में खेमचंद को शपथ दिलाई। खेमचंद मैतेई समुदाय से आते हैं। उनके साथ ही नगा समुदाय से आने वाले लोधी दिखो ने डिप्टी सीएम की शपथ ली। वे नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक हैं। वहीं, कुकी समुदाय से आने वालीं नेमचा किपगेन राज्य की पहली डिप्टी सीएम बनीं। भाजपा नेता नेमचा ने दिल्ली के मणिपुर भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शपथ लीं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राज्य में 356 दिन से लगा राष्ट्रपति शासन हटाया।



नगा समुदाय से लोसी, कुकी से नेमचा डिप्टी सीएम

## प्रदेश में अब 60 दिन में मिलेगा शादी का शगुन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड की कुल 29 सेवाओं को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए इन सेवाओं के लिए समय-सीमा निर्धारित की है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया है। नोटिफाई सर्विसों में श्रमिकों के बच्चों के लिए पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक स्कूल की वर्दी, किताबों एवं कॉपियों के लिए वित्तीय सहायता, छात्रवृत्ति, पुरुष श्रमिकों तथा उनके पुत्रों के विवाह के लिए शगुन सहायता आदि वित्तीय सहायता शामिल हैं। इसके लिए 60 दिनों की समय सीमा निर्धारित की गई है।



हरियाणा की 29 सेवाओं की समय सीमा निर्धारित

## टेकऑफ करते ही विमान के इंजन में लगी आग

**कोलकाता (एजेंसी)।** काठमांडू से इस्तांबुल जा रहे तुर्की के विमान टीके 727 की कोलकाता एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई। प्लेन में सवार सभी 236 यात्री सुरक्षित हैं। विमान के कैप्टन ने कोलकाता एटीएस को दाहिने इंजन में संभावित आग की सूचना दी। बताया जा रहा है कि तुर्की एयरलाइंस की फ्लाइट टीके 727 काठमांडू से इस्तांबुल के लिए रवाना हुई थी। इस दौरान कोलकाता के हवाई क्षेत्र में पहुंचते ही पायलट ने देखा कि इंजन के एक हिस्से में आग लग गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पायलट ने तुरंत कोलकाता के एयर ट्रैफिक कंट्रोल से कॉन्टैक्ट किया। कोलकाता एटीएस से हरी झंडी मिलते ही जहाज को सावधानी से रनवे पर उतारा गया।

> तुर्की के विमान की कोलकाता में इमरजेंसी लैंडिंग प्लेन में सवार सभी 236 यात्री सुरक्षित

## एंथ्रोपिक के नए टास्क-ऑटोमेटिंग प्लगइन्स से हंगामा

# एआई अब काम में असिस्टेंट नहीं बल्कि काम करने वाला ही बन गया

**सॉफ्टवेयर कंपनियों के भविष्य को लेकर शंका शेयरों में भारी गिरावट**

**नई दिल्ली (सेंट्रल डेस्क)।** एंथ्रोपिक के क्लॉड कोवर्क एजेंट के लिए हाल ही में लॉन्च किए गए टास्क-ऑटोमेटिंग प्लगइन्स से भारत और अमेरिका दोनों के टेक्नोलॉजी शेयरों में हलचल मच गई है। इससे इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो और एचसीएल टेक भारतीय आईटी दिग्गज में तेज बिकवाली देखी गई। इसकी झलक अमेरिका में सूचीबद्ध कंसल्टिंग और सॉफ्टवेयर कंपनियों जैसे एक्सेंचर और कॉग्निजेंट के शेयरों में गिरावट के रूप में भी दिखी। निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी जेफरीज द्वारा इसे एक नाटकीय नाम सासपोक्लिप्स दिया। जिसे उसने एसएएएस यानी सॉफ्टवेयर एज ए सर्विस और एपोक्लिप्स यानी महाविनाश को जोड़ कर गढ़ा। इससे साफ है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई एक महत्वपूर्ण मोड़ पार कर रही है।

### एंथ्रोपिक ने वास्तव में क्या बदला

एंथ्रोपिक ने कोई ऐसा नाटकीय रूप से अधिक बुद्धिमान मॉडल पेश नहीं किया जो पहले से मौजूद मॉडलों से अलग हो। लेकिन उसने जो किया, वह कहीं अधिक महत्वपूर्ण था। उसने एआई को एक स्वायत्त आर्थिक इकाई में बदल दिया। उसने क्लॉड कोवर्क को ऐसे प्लगइन्स से लैस कर दिया जो उसे सॉफ्टवेयर टूल्स, आंतरिक सिस्टम और वर्कफ्लो के साथ इंटरैक्ट करने की अनुमति देते हैं। एंथ्रोपिक ने एआई को सलाह देने की भूमिका से आगे बढ़ाकर कार्यान्वयन की भूमिका में पहुंचा दिया। यह पैकेजिंग महत्वपूर्ण है। क्योंकि जब एआई को सीधे संगठनात्मक वर्कफ्लो में फिट किया जा सकता है तो वह केवल उत्पादकता बढ़ाने वाला उपकरण नहीं रह जाता, बल्कि श्रम, सॉफ्टवेयर और यहां तक कि वेंडरों का विकल्प बनने लगता है।

### एक अलग पहचान वाले फीचर से प्रतिस्पर्धी तक

पिछले कुछ वर्षों से एआई को व्यापक रूप से एक 'डिफरेंशिएटर' के रूप में देखा जा रहा था। कंपनियां एआई-सक्षम सेवाओं, एआई-पावर्ड प्लेटफॉर्म और एआई-असिस्टेड उत्पादकता की बात करती थीं। इस एआई में उत्पाद या सेवा को बेहतर बनाते हुए मूल व्यवसाय मॉडल बरकरार रहता था। एंथ्रोपिक की घोषणा ने इस धारणा को चुनौती दी है। जब एआई सिस्टम पूरे कार्यों को शुरू से अंत तक पूरा कर सकते हैं तो वे उत्पादों को बेहतर नहीं बनाते, बल्कि उनके साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं। यही बदलाव निवेशकों को झकझोर रहा है।

### यह कहानी का अंत नहीं केवल शुरुआत भर

एंथ्रोपिक के इस विघटनकारी कदम का एक व्यापक प्रभाव यह है कि एआई अब आईटी कंपनियों के लिए एक निष्क्रिय उपकरण के बजाय एक आर्थिक इकाई की तरह कार्य करने लगा है। वह निर्देश ले सकता है, उन्हें पूरा करने का तरीका तय कर सकता है और न्यूनतम निगरानी के साथ विभिन्न सिस्टमों में काम कर सकता है। इससे प्रतिस्पर्धा की प्रकृति बदल जाती है। कंपनियां अब केवल अन्य कंपनियों से ही नहीं, बल्कि ऐसे सॉफ्टवेयर एजेंटों से भी प्रतिस्पर्धा कर रही हैं जो न सोते हैं, न छुट्टी लेते हैं न इस्तीफा देते हैं और लगातार बेहतर होते जाते हैं। एंथ्रोपिक की यह विघटनकारी घोषणा कहानी का अंत नहीं, बल्कि आने वाले वास्तविक बदलावों की एक झलक भर है।




धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्सभिन्न होते हैं पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा प्रोटेक्शन प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

# केंचुआ पालन में किसानों से 2.28 करोड़ की ठगी, सीएमडी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सिविल लाइन थाना पुलिस ने किसानों के साथ वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने व केंचुआ पालन के नाम पर धोखाधड़ी करने के एग्रो नेचर फार्मिंग कंपनी के मुख्य आरोपित सीएमडी जोगेंद्र राज को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने व केंचुआ पालन के नाम पर करीब 2.28 करोड़ की धोखाधड़ी आरोपित ने कई किसानों के साथ की थी। पुलिस ने आरोपित के पास से दस हजार रुपये बरामद किए हैं। गांव कंडेला निवासी राममेहर ने गत 8 अगस्त को सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। यमुनानगर के जगाधरी में सेक्टर 17 स्थित एग्रो नेचर फार्मिंग कंपनी वर्मी कम्पोस्ट बनाने के लिए व केंचुआ फार्म बना कर केंचुआ पालन का काम करती है। यह फर्म केंचुए पालन के लिए 10 हजार रुपये प्रति बेड की दर से गोबर व केंचुआ पॉलीथिन सहित बेड तैयार करती है। इसे कम से कम दो साल की अवधि के लिए तैयार किया जाता है। राममेहर ने बताया कि उसका इस कंपनी के साथ दो साल का इकरारनामा हुआ था।

निवेश करवाकर फरार हो गई थी यमुनानगर की एग्रो नेचर फार्मिंग कंपनी

जींद के किसानों की शिकायत पर करनाल निवासी आरोपी को पकड़ा



### इन्होंने भी दी शिकायत

पीड़ित किसान राममेहर ने आरोप लगाया कि जब रुपये वापस मांगे तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। इसी मामले में भिवानी रोड के साहिल बंसल और जलालपुर खुर्द के सुल्तान ने भी शिकायत दर्ज कराई है। इन तीनों व्यक्तियों से 21 लाख रुपये की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया।

### एक एकड़ जमीन खराब व 10 लाख का नुकसान हुआ : राममेहर

करार के तहत राममेहर ने कंपनी तथा इसके पार्टनर करनाल के बाजीदा गांव निवासी जोगेंद्र राज को 10 लाख रुपये शुरुआत में दिए थे। इनमें सात लाख 90 हजार रुपये चेक के जरिए और दो लाख 20 हजार रुपये की पेमेंट नकद की थी। इसके अलावा उसने 10 लाख रुपये का चेक दिया हुआ था। यह कंपनी केंचुआ पालन के करारनामा के तहत दो साल से पहले ही काम छोड़कर फरार हो गई। इसमें राममेहर की एक एकड़ जमीन खराब हो गई और 10 लाख रुपये का नुकसान हो गया। तब उसे अहसास हुआ की साजिश के तहत उसके साथ धोखाधड़ी हुई है।

### आरोपी सीएमडी से 10 हजार रुपये ही बरामद

सिविल लाइन थाना प्रभारी पूजा ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एग्रो नेचर फार्मिंग कंपनी के मुख्य आरोपित सीएमडी को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने, केंचुआ पालन के नाम 2.28 करोड़ की धोखाधड़ी आरोपित ने किसानों के साथ की थी। पुलिस ने आरोपित के पास से दस हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है ताकि बाकी आरोपियों व रिकवरी के बारे में पता चल सके।




## 1000 पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल से अटके 5 हजार इंतकाल व रजिस्ट्रियां

# तीन दिन हड़ताल के बाद पांच पटवारी किए बहाल, आज से काम पर लौटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार द्वारा सस्पेंड छह पटवारियों की बहाली का आश्वासन दिए जाने के बाद दि रेवेन्यू पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर धरनारत पटवारियों ने तीसरे दिन अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है। धरना समाप्ति की अधिकारिक घोषणा राज्य प्रधान जयवीर सिंह चहल ने की। अब गुरुवार से आम दिनों की तरह ही पटवार भवन में पटवारी काम करेंगे। बुधवार को प्रदेश सरकार ने 6 निलंबित पटवारियों में से 5 की बहाली कर दी है। इनके बहाली पत्र भी जारी कर दिए गए हैं और सभी को गुरुवार से ड्यूटी जॉइन करने के निर्देश दिए हैं। केवल भिवानी के पटवारी की बहाली की प्रक्रिया जारी है, लेकिन देर शाम तक उनका पत्र जारी नहीं हुआ था।

हरियाणा सरकार द्वारा पिछले दिनों प्राकृतिक आपदा से खराब हुई फसलों की मुआवजा वितरण संबंधित क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फोटो अपलोड करने के विषय में हरियाणा के छह पटवारियों को निलंबित किया था। इसके विरोध में पटवारी तीन दिन से हड़ताल पर थे और पटवार भवन में धरना दे रहे थे। करीब एक हजार पटवारियों व कानूनगो के हड़ताल में शामिल होने की वजह से लगभग पांच हजार इंतकाल व एक हजार के करीब रजिस्ट्री का काम अटक गया था। इस वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। लोगों की परेशानी को देखते हुए सरकार ने बीच का रास्ता निकालते हुए जांच पूरी होने तक पांच पटवारियों को बहाल कर दिया है। अभी प्राप्त जानकारी के अनुसार, केवल भिवानी के पटवारी के बहाली के ऑर्डर नहीं आए हैं।

### » भिवानी के पटवारी की बहाली के आदेश देर रात तक नहीं आए, आज आने की उम्मीद



रोहतक। धरने पर नारेबाजी करते एसोसिएशन के सदस्य।

### » फसल खराबे की वेरीफिकेशन में गड़बड़ी की वजह से सरकार ने किया था निलंबित

### एक ही फोटो बार-बार की थी अपलोड

अगस्त व सितंबर माह में तेज बारिश की वजह से फसलों को बहुत नुकसान हुआ था। सरकार ने विशेष गिरदावरी के आदेश दिए थे। करीब दो महीने पहले क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल नुकसान की एक ही फोटो बार-बार अपलोड किए जाने का मामला सामने आया था। मुआवजा देने में देरी को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दोषी कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसके बाद 6 पटवारियों को निलंबित किया गया था।

### कौन-कौन से पटवारी हुए थे निलंबित

निलंबित पटवारियों में कृष्ण पटवारी जुई खुर्द (भिवानी), जतिन चावला बोरीपुर (कुरुक्षेत्र), अनिल जांगड़ा कालवन (जींद), सुनील पटौदी (गुरुग्राम), अमित कुमार (दादरी) और सतपाल जिला फतेहाबाद शामिल थे। इनमें से भिवानी के कृष्ण को छोड़कर पांच पटवारियों की बहाली हो चुकी है। भिवानी पटवार एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि देर रात तक ऑर्डर नहीं आए हैं। इसके बारे में गुरुवार को फैसला लिया जाएगा।

## 3021 नशीली गोलियां व इंजेक्शन बरामद

# क्लीनिक की आड़ में नशा बेचने के आरोप में 3 डॉक्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एएनसी सेल फतेहाबाद एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने रतिया के टोहाना रोड स्थित आजाद मार्केट में बने अमर क्लीनिक पर छापेमारी की। यहां डाक्टरी की आड़ में नशीली दवाओं का अवैध कारोबार फल-फूल रहा था। टीम ने क्लीनिक से कॉमर्शियल मात्रा में कुल 3,021 नशीली गोलियां, टैबलेट व इंजेक्शन बरामद किए तथा क्लीनिक संचालित कर रहे तीन डॉक्टरों को काबू किया।

बरामद सामग्री में 1,199 एल्प्राजोलम टैबलेट, 23 डायजेपाम इंजेक्शन, 9 ट्रामाडोल इंजेक्शन, 860 ट्रिफ्लो एचसीआई टैबलेट तथा 80 लिब्रेरियन प्लस टैबलेट शामिल हैं। यह सभी दवाइयां कॉमर्शियल मात्रा में पाई गईं, जिन्हें बिना किसी वैध लाइसेंस व अनुमति के संग्रहित कर अवैध रूप से बेचा जा रहा था। आरोपियों की पहचान डॉक्टर विनोद शर्मा पुत्र मोहन लाल निवासी न्यू टाउन रतिया, अमरजीत पुत्र मनोहर निवासी डेजी कॉलोनी रतिया तथा नरेश कुमार पुत्र सीताराम निवासी डेजी कॉलोनी रतिया के रूप में हुई है।

### आरोपियों को आज न्यायालय में किया जाएगा पेश

*एएनसी सेल फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक यादवेंद्र ने बताया कि बरामद नशीली दवाओं को कब्जे में लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्लीनिक से संबंधित लाइसेंस, दवाइयों के स्टॉक रजिस्टर व अन्य दस्तावेजों की गहनता से जांच की जा रही है। इस संबंध में थाना शहर रतिया में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को वीरवार न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन नशीली दवाओं की सप्लाई कहां से की जा रही थी तथा किन-किन क्षेत्रों में इनकी आपूर्ति की जाती थी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि नशे के खिलाफ अभियान पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा और समाज को नशे की गिरफ्त में धकेलने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कठोर कार्रवाई की जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### मामा के घर पानी के टैंक में डूबने से ढाई साल के इकलौते बेटे की मौत

**फतेहाबाद।** जिले के गांव भट्टू कलां में रामसरा रोड स्थित एक घर में ढाई वर्षीय मासूम की कुंड में गिरने से मौत हो गई। सिरसा जिले के गांव बप्पा निवासी प्रेम कुमार का ढाई वर्षीय बेटा रजत अपनी मां महेंद्रो देवी के साथ भट्टू कलां में मामा सतू के घर आया हुआ था। मंगलवार शाम को रजत घर के आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान खेलते-खेलते वह अचानक आंगन में बने पानी स्टोर टैंक (कुंड) में गिर गया। परिजनों को जब घटना का पता चला तो उन्होंने तुरंत बच्चे को पानी से भरे कुंड से बाहर निकाला और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भट्टू कलां लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि रजत अपने माता-पिता की इकलौती संतान था।

### शेयर में निवेश के नाम पर 61.64 लाख की ठगी

**रेवाड़ी।** शहादत नगर के एक व्यक्ति को शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट से मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने 61.64 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। पुलिस को शहादत नगर निवासी राजेंद्र सिंह ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। 17 दिसंबर को वह यू-ट्यूब देख रहा था। इसी दौरान उसने एक विज्ञापन देखा, जिसमें पार्ट टाइम पैसे कमाने की बात कही गई थी। फोन पर बातचीत में उसे शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। 31 दिसंबर तक अलग-अलग खातों में 61.64 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। 31 जनवरी को जब उसने पैसे निकालने का प्रयास किया तो उसे ठगी का अहसास हुआ।

### फरीदाबाद में 25 बड़े व्यापारियों के ठिकानों पर इनकम टैक्स की रेड

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिले में इनकम टैक्स की टीम ने बुधवार सुबह अलग-अलग 25 बड़े व्यापारियों के ठिकानों पर रेड की। इस बड़ी कार्रवाई से जिले के बड़े व्यापारियों में हड़कंप मच गया। अभी इनकम टैक्स की टीम सभी जगहों पर जांच कर रही है। जांच के लिए दिल्ली एनसीआर के अलावा कई और प्रदेशों की टीम भी बुलाई गई थी। बता दें कि इनकम टैक्स की टीम ने फरीदाबाद शहर में अलग-अलग लोगों के करीब 25 ठिकानों पर रेड की है। यह रेड की कार्रवाई क्रमशः सेटर-21, सेक्टर-28, सेक्टर-17, सेक्टर-9, व 81 नहरपार सहित अन्य स्थानों पर की गई। इनमें स्कूल संचालक, कोयला व्यापारी, सिक्योरिटी एजेंसी के मालिक, पेट्रोल पंप मालिक सहित अन्य के ठिकाने शामिल हैं। अभी इन सभी जगहों पर इनकम टैक्स की टीम जांच रही है।

### दो कारों की भिड़ंत में वकील की मौत

**फरीदाबाद।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-8 के नजदीक दो कारों की टक्कर में एक अधिवक्ता की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे ड्राइवर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। ट्रैफिक चालू करने के लिए दोनों कारों को क्रेन से हटाया जा रहा है। बता दें कि मृतक कुलदीप भाटी उर्फ दीपू करौली गांव के रहने वाले थे और डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सेक्रेटरी थे। वे बल्लभगढ़ तहसील में प्रैक्टिस करते थे।

## 39वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला

# बॉलीवुड सिंगर तरन्नुम के चौपाल पर गूंजे सुर



फरीदाबाद। सूरजकुंड मेले में बॉलीवुड सिंगर तरन्नुम जैन गाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में मुख्य चौपाल पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या संगीत प्रेमियों के लिए यादगार बन गई। प्रसिद्ध पार्श्व गायिका तरन्नुम मलिक जैन ने अपनी मधुर एवं ऊर्जावान प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत तरन्नुम मलिक जैन ने अपने लोकप्रिय गीत सैयारा, लग जा गले के फिर ये हसीं पल और बड़े अच्छे लगते हैं, से की, जिसने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। इसके पश्चात जब उन्होंने कुछ न कहो कुछ भी न कहो और आज की रात होना है क्या जैसे सुपरहिट गीत प्रस्तुत किए, तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से गूंज उठा। उनकी एक के बाद एक शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। देश विदेश के लाखों पर्यटक अब तक मेले में आ चुके हैं। हरियाणा पर्यटन विभाग निदेशक पार्थ गुप्ता ने शिल्प मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों से बातचीत कर उनकी समस्याओं, सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मेले में लगाए राज्यों एवं देशों के स्टॉलों का अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित हस्तशिल्प, हथकरघा एवं पारंपरिक उत्पादों की सराहना की।

### दरिंदगी : कुत्ते को गोली मारने पर केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव बराना में विपिन त्यागी ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से कुत्ते को गोली मार दी। इस घटना में कुत्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव बराना के ही निवासी साहिल ने इस मामले की शिकायत हुडा थाना 13-17 पुलिस से की। साहिल ने पुलिस को बताया कि सुबह गली में एक बेसहारा कुत्ता शांति से खाना खा रहा था। आरोप है कि विपिन ने बिना किसी वजह के कुत्ते पर गोली चला दी। पुलिस ने गांव में जाकर इस मामले की जांच की और विपिन पर केस किया है। विपिन पर इससे पहले भी कुत्तों पर बंदूक से गोली मारने के आरोप लगे हैं।

# एचटी लाइन की चपेट में आई पिकअप, जिंदा जला चालक

## रेवाड़ी में तीन श्रमिकों ने भागकर बचाई जान, पुलिस ने खुद पाया आग पर काबू

हरिभमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रामपुरी गांव में बुधवार दोपहर पशुचारा भरने के लिए आई एक पिकअप गाड़ी पर लगे लोहे के पाइप बिजली की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गए। इससे गाड़ी में करंट प्रवाहित होने के कारण आग लग गई। चालक करंट से झुलसने के बाद गाड़ी के अंदर ही जिंदा जल गया, जबकि तीन श्रमिकों ने वहां से भागकर जान बचाई। जाटूसाना पुलिस और ईआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड से पहले पहुंचकर खुद आग पर काबू पाया। सूचना मिलने के बाद डीएसपी विद्यानंद भी मौके पर पहुंच गए।

राजस्थान के अजीतगढ़ का रहने वाला लगभग 40 वर्षीय सांवरमल सैनी पशुचारा की खरीद-फरोख्त का व्यवसाय करता था। वह रामपुरी गांव में बाजरे की कड़बी खरीदने के बाद उसे कटवाकर पिकअप गाड़ी में भरने के लिए आया हुआ था। उसके साथ श्रमिक कंवाली निवासी मुकेश, सरोज और महेश गाड़ी में पशुचारा भरवाने के लिए आए हुए थे।

### गाड़ी पर लगे लोहे के पाइप से छू गए बिजली के तार

*सांवरमल पिकअप गाड़ी को पशुचारे के पास लगा रहा था तो गाड़ी पर लगे लोहे के पाइप ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली की लाइन के संपर्क आ गए। इससे गाड़ी में करंट प्रवाहित हो गया। तीनों श्रमिकों चिंगारियां निकलते देख वहां से जान बचाने के लिए दूर भाग गए। सांवलमल करंट की चपेट में आकर झुलस गया। गाड़ी में मौजूद पशुचारे ने आग पकड़ ली।*



### नीचे झूल रहे थे तार, बने जानलेवा

ग्रामीणों के अनुसार 11 केवी क्षमता की लाइन के तार काफी समय से नीचे झूल रहे हैं। निगम कर्मियों ने लाइन को ठीक नहीं किया। तार ढीले होने के कारण ही पिकअप के पाइप उनकी चपेट में आ गए, जिससे जानलेवा हादसा हो गया। निगम के एसडीओ ने मौका मुआयना करने के बाद कर्मचारियों को लाइन ठीक कराने के कार्य पर लगा दिया।

# 52 एकड़ जमीन धोखाधड़ी में सरपंच बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा पंचायती राज विभाग ने सीवन ब्लॉक के गांव आंधली की महिला सरपंच परमजीत कौर के खिलाफ



सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही आगामी छह वर्षों तक किसी भी पंचायत चुनाव में भाग लेने पर रोक लगा दी गई है। यह कार्रवाई ग्राम पंचायत की भूमि के कथित दुरुपयोग और नियमों की अनदेखी के आरोपों के आधार पर की गई है। सरपंच पर आरोप है कि उन्होंने ग्राम पंचायत की करीब 52 एकड़ भूमि को बिना लीज प्रक्रिया पूरी किए ही पट्टेदारों को खेती के लिए दे दिया। इतना ही नहीं, सरपंच द्वारा अपने मोबाइल फोन का ओटीपी साझा कर पट्टेदारों को 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' पोर्टल पर भूमि का पंजीकरण भी करवा दिया गया, जिससे वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें और अपनी फसल मंडियों में बेच सकें। इस पूरी प्रक्रिया से पंचायत को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। बताया गया है कि यह मामला मई और जून 2024 का है। गांव निवासी अवतार सिंह ने तत्कालीन उपायुक्त को इस संबंध में शिकायत दी थी। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी रितु लाठर ने बताया कि पूरी जांच प्रक्रिया और दस्तावेजों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। सरपंच ने जांच में सहयोग नहीं किया।

# पानीपत में युवा किसान की खेत में रोटावेटर से कुचल कर हत्या, तीन लोगों पर केस दर्ज

हरिभमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव गढ़ी नवाब में 27 वर्षीय मोहित का उसके ही खेत में रोटावेटर से कुचला हुआ शव मिला है। वहीं, परिजनों ने मोहित की हत्या का आरोप लगाते हुए तीन लोगों को नामजद किया है। थाना बापौली पुलिस के अनुसार मोहित बुधवार सुबह अपना ट्रैक्टर लेकर खेत में काम करने गया था। जब वह दोपहर तक घर वापस नहीं लौटा तो चिंतित परिजन उसे ढूंढते हुए खेतों में पहुंचे। वहां का मंजर देखकर सबके होश उड़ गए। मोहित का शव रोटावेटर की चपेट में आने के कारण क्षत-विक्षत हालत में पड़ा था। इधर, परिजनों की सूचना पर थाना बापौली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। इधर, मोहित के परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए बताया कि उनका काफी समय से जमीनी विवाद चल रहा है।

## दुनिया का प्रतिष्ठित नाट्य महोत्सव 'भारंगम' इस बार रोहतक में होगा आयोजित

# डीएलसी सुपवा में 9 फरवरी से सजेगा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय नाटकों का मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दुनिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव भारत रंग महोत्सव (भारंगम) का 25वां संस्करण 9 से 12 फरवरी तक दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा), रोहतक में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित महोत्सव का आयोजन नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी), नई दिल्ली द्वारा डीएलसी सुपवा के सहयोग से किया जा रहा है। इसी के साथ डीएलसी सुपवा का अपना चार दिवसीय 'सारंग' महोत्सव भी समानांतर रूप से आयोजित होगा, जिससे रोहतक कला, संस्कृति और रंगमंच का जीवंत केंद्र बन जाएगा।

41 स्थानों पर देश भर में 'भारंगम' का आयोजन। हरियाणा में सिर्फ रोहतक में।

27 जनवरी से 20 फरवरी तक 25 दिनों तक देशभर में चलेगा भारंगम उत्सव।

9 देशों की भागीदारी के साथ 277 से अधिक नाट्य प्रस्तुतियां अलग-अलग जगह होंगी।




### दोनों समारोह के संयुक्त पोस्टर का किया विमोचन

डीएलसी सुपवा के गेस्ट हाउस में 25वें भारत रंग महोत्सव और 'सारंग' महोत्सव के पोस्टर का संयुक्त रूप से भव्य विमोचन किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु डॉ. अमित आर्य, रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा, 'भारंगम' के समन्वयक व एनएसडी के सीनियर एक्टिंग एक्सपर्ट प्रो. सुमन वैद्य, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### भारंगम में यह नाटक होंगे प्रस्तुत

*9 फरवरी को प्रज्ञा आर्ट्स थिएटर ग्रुप, दिल्ली द्वारा 'उम्मीद–मनुष्य जिंदा है' नाटक का मंचन किया जाएगा।*

*10 फरवरी को मंच रंगमंच, अमृतसर 'संदल बार' प्रस्तुत करेगा।*

*11 फरवरी को केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब, बठिंडा द्वारा 'उमर का परवाना' मंचित होगा।*

*12 फरवरी को श्रीलंका के अपूर्वा थिएटर ग्रुप की प्रस्तुति 'कोलंबा हाथे थोरना' के साथ महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय रंग मिलेगा।*

### चार दिवसीय 'सारंग' महोत्सव भी बिखेरेगा रंग

'भारंगम' व 'सारंग' के दौरान 4 दिन तक कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हस्तियां मंच पर नजर आएंगी। इनमें पद्मश्री से सम्मानित भारतीय लोक गायिका मालिनी अवस्थी, प्रख्यात भोजपुरी गायक, अभिनेता व सांसद मनोज तिवारी, प्रख्यात बॉलीवुड कलाकार यशपाल शर्मा, 'ना आना इस देश लाडो' फेम मेघना मलिक समेत कई बॉलीवुड, टीवी, ओटीटी कलाकार शामिल हैं, जिन्होंने डीएलसी सुपवा आने की सहमति प्रदान कर दी है, जबकि कई अन्य से बातचीत अभी चल रही है। इसी दौरान डीएलसी सुपवा परिसर में विश्वविद्यालय का अपना चार दिवसीय 'सारंग' महोत्सव भी आयोजित होगा, जिसका मंच एफटीवी विभाग के कोर्टयार्ड में सजेगा। 'सारंग' में कथक, ओडिसी, छऊ, सत्तरिया, भांगड़ा, लोक रंगमंच, कव्वाली, गजल, लाइव म्यूजिक, छात्र बैंड, प्रदर्शनियां, कार्यशालाएं, मास्टर क्लास और विशेषज्ञ संवाद आयोजित किए जाएंगे। भारंगम' के समन्वयक व एनएसडी के सीनियर एक्टिंग एक्सपर्ट प्रो. सुमन वैद्य ने बताया कि भारंगम महोत्सव बच्चों, आदिवासी समुदायों और वंचित वर्गों के कलाकारों की प्रस्तुतियों के माध्यम से समावेशिता और सांस्कृतिक विविधता का उत्सव है।

# तख्तियों के साथ नारेबाजी पर सांसदों को मर्यादा का पाठ पढ़ाया विरोध तर्कों से करें और असहमति मुद्दों पर, ये तरीका गैरवाजिब

भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने टेबल पीटकर और हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्ष ने राहुल गांधी को बोलने देने के लिए नारेबाजी की और वेल में भी आ गए। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा- बालू जी, आप वरिष्ठ नेता है, ये आपको अच्छा लग रहा है? विपक्षी सांसद पोस्टर लेकर पहुंचे। इस दौरान स्पीकर ने कहा - विपक्षी सांसद मर्यादा तोड़ रहे हैं।

## लोकसभा में विपक्ष पर बरसे स्पीकर बिरला और नसीहत दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**संसद के बजट सत्र में लगातार हो रहा व्यवधान**

संसद के बजट सत्र में पक्ष-विपक्ष के बीच जोरदार तकरार देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां राहुल गांधी अपने चीन सीमा विवाद वाले मुद्दे पर सरकार को घेर रहे हैं, वहीं सरकार की तरफ से इसका जवाब दिया जा रहा है। इसी बीच एक दिन पहले भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर भी विपक्ष सरकार पर निशाना साथ साध रहा है। एक दिन पहले भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया और आज वे लोकसभा में भी इस मुद्दे पर बोलने के लिए खड़े हुए।उनके भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने टेबल पीटकर और हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्ष ने राहुल गांधी को बोलने देने के लिए नारेबाजी की और वेल में भी आ गए। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा- बालू जी, आप वरिष्ठ नेता है, ये आपको अच्छा लग रहा है? विपक्षी सांसद पोस्टर लेकर पहुंचे। इस दौरान स्पीकर ने कहा कि विपक्षी सांसद मर्यादा तोड़ रहे हैं। आप शासन को झुका नहीं सकते। विरोध तर्कों से होता है। अहमति मुद्दों पर होती है। ये हंगामा करना ठीक नहीं है।

ट्रेड डील पर विपक्ष सरकार पर कर रहा हमला



### सदन की मर्यादा का उल्लंघन मत कीजिए

विपक्षी सदस्यों की लगातार नारेबाजी के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मेरा मानना है कि लंबे समय से सरकार में होने के बावजूद आप सदन की मर्यादा और गरिमा का उल्लंघन कर रहे हैं। विरोध करने का एक तरीका होता है, और भी तरीके हो सकते हैं, लेकिन आप सभी अपनी निर्धारित सीटों को छोड़कर दूसरी तरफ जा रहे हैं। अगर आप इस तरह से गरिमा का उल्लंघन करेंगे, तो देश की जनता लोकतंत्र पर से विश्वास खो देगी। आप सभी वरिष्ठ नेता हैं, लेकिन सदन के नियमों का उल्लंघन करना उचित नहीं है। विरोध नारेबाजी या पोस्टर लेकर चलने से नहीं होता, विरोध शब्दों और तर्कपूर्ण दलीलों से होता है।

## इस ट्रेड डील से किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा

### संसद में गोयल ने कहा

उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि उर्वरक और कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भारत के हितों की पूरी तरह रक्षा की गई है। यह समझौता छोटे और मध्यम कारोबारियों, एमएसएमई, औद्योगिक इकाइयों, कुशल श्रमिकों और उद्योगों के लिए नए अवसर खोलेगा व उन्नत तकनीकों तक पहुंच को आसान बनाएगा। इससे 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड', 'डिजाइन इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' और 'इनोवेट इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' के लक्ष्यों को गति मिलेगी।

### कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित



गोयल ने कहा कि पिछले वर्ष दोनों देशों के वार्ताकारों ने विभिन्न स्तरों पर विस्तृत चर्चा की। दोनों पक्षों के महत्वपूर्ण हितों को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। भारतीय पक्ष ने विशेष रूप से कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपने हितों की सफलतापूर्वक रक्षा की। द्विपक्षीय व्यापार समझौते के

### दोनों देश एक दूसरे के पूरक

गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका की अर्थव्यवस्थाएं काफी हद तक एक-दूसरे की पूरक हैं और आने वाले समय में दोनों देशों के बीच व्यापार के व्यापक अवसर मौजूद हैं। देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

सरकार पर कांग्रेस का हमला, खरगे बोले

## भाजपा के लिए महिलाएं केवल वोट बैंक, देश की हालत बिगाड़ रही

बुधवार को राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 6062 शब्दों को अभिभाषण इस सरकार ने तैयार किया है। लेकिन कई अहम सवालों पर अभिभाषण मौन है। मैं सदन में सिर्फ पांच जरूरी मुद्दे आपके सामने रखना चाहूंगा। मैं सामाजिक न्याय, सामाजिक सद्भाव, संसदीय लोकतंत्र पर हमला, अर्थव्यवस्था और किसानों मजदूरों की दिक्कतें और विदेश नीति की खामियां.. पर बात रखना चाहता हूं। इस सत्ता ने कितना समय देश की भलाई के लिए दिया है। कितना समय इन्होंने देश के बाहर बिताया? सबसे पहले मैं सामाजिक न्याय पर बात रखूंगा। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सामाजिक न्याय के ताने-बाने को कमजोर किया है। उनके सांविधानिक हकों पर चोट पहुंचाई है। महिलाएं भाजपा के लिए केवल वोट बैंक बनकर रह गई हैं। अगर वाकई महिलाओं का नेतृत्व आगे लाना चाहते हैं, तो सबसे महिला आरक्षण विधेयक पारित करते और इस पर शर्तें नहीं रखते।



### भाजपा-आरएसएस ने किसी महिला को नहीं सौंपा नेतृत्व

भाजपा ने किसी महिला को अब तक अध्यक्ष नहीं बनाया है। आरएसएस ने सौ साल में किसी महिला को अपना नेतृत्व नहीं सौंपा है। उन्होंने कहा कि कमजोर तबकों, खासकर आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। कांग्रेस की सरकारों में एससी-एसटी समुदाय के आर्थिक विकास के लिए कई कदम उठाए गए।

राज्यसभा के नेता केंद्रीय मंत्री नड्डा बोले

## भारतीय आर्थिक जगत में लगातार क्रांति हो रही



राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि विकसित भारत 2047 तक पहुंचने के लिए आज 2026 में क्या करना है और अगले पांच सालों में क्या कार्रवाई की जाएगी। इसके रोड मैप को राष्ट्रपति के अभिभाषण में इंगित किया गया है। वे बुधवार को अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एक तरीके से आर्थिक जगत में क्रांति पर क्रांति आती चली गई है। पहले यूरोपीय यूनियन के साथ हमारा समझौता, फिर आर्थिक सर्वे, उसके बाद क्रांतिकारी बजट और फिर इंडो-यूएस डील। एक के बाद एक श्रृंखला में हमको ऐसा देखने को मिला है। आर्थिक सर्वे की बात करूं तो इसमें बड़े स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि यह सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के चीफ ने कहा है कि भारत ग्लोबल ग्रोथ में 20 प्रतिशत का योगदान देगा। उन्होंने कहा कि यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के चीफ ने कहा है।

### यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड एग्रीमेंट किया

नड्डा ने कहा कि हमारा यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड एग्रीमेंट हुआ है। यह एग्रीमेंट भारतीय व्यवसायियों, कारीगरों, उद्यमियों और आईटी सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए नए दरवाजे खोलने वाला है। यह एग्रीमेंट भारतीय लोगों के लिए 27 देशों का दरवाजा खोलने वाला है। इस समझौते को 'मदर ऑफ ऑल डील' कहा गया है।

### इंडिया, ओमान और न्यूजीलैंड में हुए समझौते का भी जिक्र किया

नड्डा ने सदन में इंडिया और ओमान के बीच हुए समझौते का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि यह समझौता मध्यपूर्व रणनीतिक ऊर्जा और व्यापार के एक कॉरिडोर के रूप में हासिल किया गया है। हमने लिंक वेस्ट नीति को और मजबूत किया है। यहां उन्होंने इंडिया-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे किसानों के लिए लाभकारी है।

खबर संक्षेप

### राजपाल को तिहाड़ में सरेंडर करने के आदेश



**नई दिल्ली।** राजपाल यादव की कानूनी मुश्किलें और भी बढ़ गई हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने 4 फरवरी को शाम 4 बजे तक सरेंडर करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने फैसले में कहा कि आपने कहा था कि आप बॉम्बे में हैं, इसलिए आपको सरेंडर के लिए 2 दिन का समय दिया गया था। मुझे नहीं लगता कि अब कोई आधार बचा है।


### एक्सप्रेसवे पर पलटा टैंकर 12 किमी लंबा जाम लगा



**नई दिल्ली।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर गैस टैंकर के पलटने के 18 घंटे बाद भी सड़क ठप पड़ी है। एक्सप्रेसवे पर हजारों गाड़ियां फंस गई है और दोनों ओर से सड़क पर भयंकर जाम लगा हुआ है। इससे महिलाओं और बच्चों समेत यात्रियों को बिना खाने, पानी या टॉयलेट की सुविधा के रहना पड़ा। यह जाम 12 किमी से लंबा था।

शहजाद की मां का एक्सीडेंट, बोले

## घृणित इंसान ने जान-बूझकर चढ़ाई कार, आरोपी हुआ फरार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की मां का एक्सीडेंट हो गया है। उन्होंने एक्स पर खुद इस घटना की जानकारी दी। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि उनकी मां की सर्जरी करानी पड़ेगी। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। वहीं पूनावाला के भाई तहसीन पूनावाला ने इस घटना का वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि एक कार पीछे की तरफ आती है और वहां खड़ी शहजाद की मां को टक्कर मार देती है। शहजाद ने पुलिस ने कार्रवाई की मांग की है। शहजाद ने घटना के बारे में एक्स पर एक पोस्ट करते हुए जानकारी दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, कुछ घंटे पहले एक बेहद घृणित इंसान ने जानबूझकर मेरी मां पर अपनी कार चलाई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और फिर वह भाग गया।

### सर्जरी करवानी पड़ेगी

माताजी का बहुत जल्द एक सर्जरी करानी पड़ेगी। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। मेरी मां सबसे दयालु और सबसे अच्छे इंसानों में से एक हैं और इस उम्र में उनके साथ यह होना मुझे अंदर तक कचोट रहा है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुणे पुलिस और सीएम देवेंद्र फडणवीस को एक्स पर टैग भी किया है।

### भाई ने शेयर किया एक्सीडेंट का वीडियो

शहजाद के भाई तहसीन ने एक्स पर एक पोस्ट में दी है। उन्होंने अपनी मां के साथ हुए हादसे का वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है। तहसीन पने एक्स पर लिखा, मेरी मां, जो एक सीनियर सिटिजन हैं, मेरे ड्राइवर और एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट के साथ ड्राइव पर गई थीं और जब वे हमारी कार में गैस भरवा रहे थे, तो वे साइड में इंतजार कर रही थीं, तभी किसी ने उन्हें टक्कर मार दी (लगता है जान-बूझकर) और भाग गया! वीडियो में देखा जा सकता है कि एक कार पीछे की तरफ आती है और उनकी मां को टक्कर मार देती है।

घटना के बाद रहा अफरा-तफरी का माहौल

## सांसद थरूर का संसद भवन परिसर में सीढ़ियों से उतरते हुए पैर फिसला



थरूर को सहारा देते विपक्षी सांसद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद परिसर में बुधवार को उस वक्त एक छोटा हादसा हो गया, जब कांग्रेस सांसद शशि थरूर सीढ़ियों से उतरते समय फिसलकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद सांसदों और कर्मचारियों ने तुरंत उनकी मदद की। कांग्रेस सांसद शशि थरूर संसद भवन परिसर में सीढ़ियों से उतर रहे थे, तभी उनका पैर फिसल गया और वे गिर पड़े। इस दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और अन्य सांसदों ने तुरंत आगे बढ़कर उन्हें संभाला। संसद के स्टाफ ने भी उन्हें खड़ा होने में मदद की। थरूर के गिरने की घटना के बाद वहां कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा, हालांकि उन्हें कोई गंभीर चोट लगने की सूचना नहीं है।

### राजा रघुवंशी मर्डर केस में दो आरोपी बरी

**इंदौर।** चर्चित ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को अदालत ने बड़ी राहत दी है। सबूतों के अभाव बिल्डिंग मालिक और गार्ड को दोषमुक्त करार दिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट-वांगचुक की जमानत पर विचार करें



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या सरकार क्लाइमेट एक्टिविस्ट और साइंटिस्ट सोनम वांगचुक की तबीयत को देखते हुए उनकी हिरासत पर फिर से विचार कर सकती है?

बीकानेर में खेजड़ी बचाओ आंदोलन

## पर्यावरणप्रेमियों का विरोध, हाथ बांध सकते हैं हमारे जज्बे नहीं

एजेंसी ▶▶ बीकानेर



बीकानेर में खेजड़ी बचाओ आंदोलन तीसरे दिन बुधवार को और अधिक तीव्र होता नजर आया। आंदोलन के तहत 363 से अधिक साधु-संत और पर्यावरणप्रेमी लगातार आमरण अनशन पर डटे हैं। देशभर से आए पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एक अनोखा और भावनात्मक प्रदर्शन करते हुए आपस में हाथ बांधकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया।

### खेजड़ी संरक्षण का संदेश दिया

धरनास्थल पर बड़ी संख्या में माताएं और बहनें भी मौजूद रहीं। कई लोग हाथों में तख्तियां लेकर खेजड़ी संरक्षण का संदेश देते नजर आए, वहीं एक पर्यावरणप्रेमी आंखों पर पट्टी बांधकर मौन विरोध किए। कलेक्ट्रेट के सामने खेजड़ी की पूजा की गई और मौन जुलूस निकालकर विरोध जताया गया। संत स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने आह्वान किया कि वे एक दिन का उपवास रखें।

महाकुंभ में माला बेचने वाली महेश्वर की मोनालिसा मीडिया में छाई

## 'द डायरी ऑफ मणिपुर' का पहला लुक आया सामने

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाकुंभ 2025 में करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच एक साधारण लड़की महेश्वर की मोनालिसा अचानक चर्चा में आ गई। माला बेचते हुए उनकी सादगी और खूबसूरती ने लोगों का ध्यान खींचा और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गए। कैमरों और रील्स के बीच खड़ी मोनालिसा की जिंदगी ने यहीं से एक नया मोड़ ले लिया। इसदौरान फिल्ममेकर सनोज मिश्रा की नज़र मोनालिसा पर पड़ी। उसने डायरेक्टर को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने मोनालिसा को अपनी फिल्म में कास्ट करने का फैसला कर लिया। एक साधारण मेले से सफर अब सिनेमा के बड़े पर्दे तक पहुंच चुका है ।



### भाषा बनी चुनौती डबिंग का सहारा

डायरेक्टर ने बताया कि मोनालिसा को अभी भी भाषा और उच्चारण में दिक्कत आती है। इसी वजह से फिल्म में उनके किरदार के लिए डबिंग का इस्तेमाल किया गया है।

### अमित राव भी हैं फिल्म में

अब मोनालिसा अपनी पहली बड़ी फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं। वे अभिनेता अमित राव के साथ नजर आएंगी, जो राजकुमार राव के भाई हैं। फिल्म के पूरा होने के साथ ही मोनालिसा का आत्मविश्वास भी साफ तौर पर झलकने लगा है। एक साल बाद मोनालिसा एक बार फिर प्रयागराज लौट रही हैं। इस बार वह माघ मेले में माला बेचने के लिए नहीं, बल्कि एक उभरती हुई बॉलीवुड अभिनेत्री के रूप में पहुंचेंगी।

### मां गंगा का आशीर्वाद लेगी टीम

सनोज अब अपनी पूरी टीम के साथ माघ मेले में शामिल होने जा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने प्रयागराज पहुंचेगी, जिससे इस सफर को एक आध्यात्मिक पूर्णता मिलेगी। पहले शेड्यूल की शूटिंग उत्तर प्रदेश के इटावा में हुई थी।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

टेंडर नोटिस संख्या: 61265154, 61265155, 61265153

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप-135002, द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है :-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | 61265154 | LHB पैनल मॉडल असेंबली | 50 नग | 05 मार्च 2026 |
| 2. | 61265155 | किट फॉर डंप वाल्व | 960 सेट्स | 16 मार्च 2026 |
| 3. | 61265153 | ब्रेक पैनल मॉडल | 20 नग | 16 मार्च 2026 |

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

393/26 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ए पी सी पी एल APCPL

अरावली पावर कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड
(एनटीपीसी, एचपीजीसीएल एवं आइपीजीसीएल का संयुक्त उद्यम)
Aravali Power Company Private Limited
(A JOINT VENTURE OF NTPC, HPGCL AND IPGCL)
Jharli, Jhajjar, Haryana - 124141, Visit us at : www.apcpl.co.in

WALK IN INTERVIEW FOR DOCTORS

Aravali Power Company Pvt. Ltd is a joint venture company with a 50% share of NTPC Ltd., 25 % of Haryana Power Generation Company Ltd. (HPGCL Haryana State Company) and 25 % of Indraprastha Power Generation Ltd. (IPGCL Delhi State Company) located at near village Jharli Dist. Jhajjar Haryana, named Indira Gandhi Super Thermal Power Limited presently generation 3X500 MW under stage-I supplying 46 % electricity to Haryana State Government, 46 % supply to Delhi Government and rest 8 % to rest part of the country.

We are looking for Doctors purely on **ADHOC BASIS** for a period of **Six months initially which can be extended upto 02 years depending on the performance of the candidate**, as per the terms & Conditions detailed below :

**Name of the post** : Adhoc General Duty Medical Officer (Adhoc GDMO).

**No. of Posts**: 02 (Two)

**Qualification**: M.B.B.S. having permanent registration with State Medical Council. Preference will be given to candidates with work experience. Compensation : Consolidated amount of Rs. 1,23,000/- per month along with Bachelor accommodation as per applicable rules and medical facilities for self at Project.

Interested candidates fulfilling the above criteria may appear for the aptitude test & interview scheduled at APCPL Hospital, APCPL Township on **25th February 2026 (Wednesday) from 02:30PM**. The candidates should mandatorily bring with them (a) Documents attesting their Qualifications (b) Documents establishing their work experience, if any (c) Detail Biodata (d) 02 nos. Passport size Photographs. Interested candidates should send their detailed bio data on recruitment@apcpl.co.in by 22nd February 2026 positively. Any clarification on the matter can be sought by emailing on the above email id as well.

Note : APCPL reserves the right at its discretion to change, modify, add or remove above portions/vacancy without any prior notice.

LEADING THE POWER SECTOR

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029
परीक्षा अनुभाग
विज्ञापन सं. 377/2025

आईसीएमआर मुख्यालयों और इसके संस्थानों / केन्द्रों के लिए साइंटिस्ट-बी (नॉन-मेडिकल) हेतु भर्ती परीक्षा

आईसीएमआर मुख्यालयों और इसके संस्थानों / केन्द्रों के लिए विभिन्न ग्रुप-बी (नॉन-मेडिकल) पदों की भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पदों के विवरण और पात्रता एम्स वेबसाइट अर्थात www.aiimsexams.ac.in पर उपलब्ध विज्ञापन सहित देखे जा सकते हैं। परीक्षा केवल ऑनलाइन (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाएगी इसके पश्चात शॉर्ट लिस्टेड उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार होगा।

| आवेदनों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण | |
| --- | --- |
| प्रारम्भ तिथि | अन्तिम तिथि |
| 02 फरवरी 2026 (सोमवार) | 01 मार्च 2026 अप. 5.00 बजे (रविवार) |
| **भर्ती परीक्षा की तिथि** | |
| परीक्षा की तिथि | राज्य में परीक्षा केन्द्र |
| अप्रैल माह, 2026 में अंतरिम | दिल्ली / एनसीआर केवल |

महत्वपूर्ण : सभी आवेदकों को एम्स वेबसाइट अर्थात www.aiimsexams.ac.in पर नियमित रूप से पधारना अपेक्षित है क्योंकि सभी अनुवर्ती शुद्धिपत्र / परिशिष्ट / अपडेट्स केवल वेबसाइट में अपलोड किए जाएंगे।

हस्ता/-
सीबीसी-17112/12/0069/2526 सहायक नियंत्रक (परीक्षाएं)

भौतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
शाखा कार्यालय : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001

चूंकि
अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित तिथियों को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | तरूण जुनेजा पुत्र घनशाम दास जुनेजा (कर्जदार), धीरज जुनेजा पुत्र घनशाम दास (सह-कर्जदार), जय देवी पुत्री चम्बा राम (सह-कर्जदार), पूजा जुनेजा पुत्री भगवान दास (सह-कर्जदार), रेनु जुनेजा पुत्री उदय राम (सह-कर्जदार), NHFAT00000823267. | श्रीमती रेनु जुनेजा और पूजा जुनेजा के पक्ष में तरूण कुमार और धीरज पुत्र घनशाम दास द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 1155 दिनांक 04.06.2024 के अनुरूप मॉडल टाउन फतेहाबाद में स्थित सम्पत्ति मकान माप 340 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। / कब्जे की तिथि 02.02.2026 | 23-09-2025 रु. 2,07,17,718/- | हिसार |
| 2. | तरूण जुनेजा पुत्र घनशाम दास जुनेजा (कर्जदार), धीरज जुनेजा पुत्र घनशाम दास (सह-कर्जदार), जय देवी पुत्री चम्बा राम (सह-कर्जदार), पूजा जुनेजा पुत्री भगवान दास (सह-कर्जदार), रेनु जुनेजा पुत्री उदय राम (सह-कर्जदार), NHFAT00000823266. | श्रीमती रेनु जुनेजा और पूजा जुनेजा के पक्ष में तरूण कुमार और धीरज पुत्र घनशाम दास द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 1155 दिनांक 04.06.2024 के अनुरूप मॉडल टाउन फतेहाबाद में स्थित सम्पत्ति मकान माप 340 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। / कब्जे की तिथि 02.02.2026 | 23-09-2025 रु. 14,95,460/- | हिसार |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 05 फरवरी 2026, स्थान : फतेहाबाद प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

चिंतन

# बच्चों की मोबाइल गतिविधियों पर अभिभावक रखें पैनी नज़र

आज के डिजिटल युग ने बच्चों की दुनिया को जितना आसान बना दिया है, उतना ही जटिल भी कर दिया है। मोबाइल फोन, टैबलेट और इंटरनेट आज बच्चों की पढ़ाई, मनोरंजन और संवाद का अहम हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन यही तकनीक जब नियंत्रण से बाहर हो जाती है, तो बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। ऐसे में माता-पिता की भूमिका केवल मोबाइल दिलाने तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखना उनकी जिम्मेदारी बन जाती है। आजकल साफ तौर पर देखा जा रहा है कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों में चिड़चिड़ापन, एकाग्रता में कमी, नींद की समस्या और सामाजिक अलगाव को जन्म दे रहा है। लंबे समय तक मोबाइल पर गेम खेलने या सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले बच्चे परिवार और दोस्तों से कटने लगते हैं। वे वास्तविक दुनिया की गतिविधियों से दूरी बना लेते हैं, जिससे उनका भावनात्मक और सामाजिक विकास प्रभावित होता है। यही वजह है कि विशेषज्ञ लगातार सलाह दे रहे हैं कि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम की स्पष्ट और सख्त सीमा तय की जाए। हाल ही में गाजियाबाद में तीन सगी बहनों की आत्महत्या की घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया। 12, 14 और 16 साल की इन बच्चियों को कोरियाई लवर गेम की लत थी। बताया गया कि वे स्कूल तक छोड़ चुकी थीं और हर गतिविधि एक साथ करती थीं। सुसाइड नोट में लिखा गया "सॉरी मम्मी-पापा, गेम नहीं छोड़ पाएंगे।" यह घटना एक कड़वी सच्चाई को उजागर करती है कि डिजिटल लत किस हद तक बच्चों को अपनी गिरफ्त में ले सकती है। ऐसे में माता-पिता के लिए सबसे पहला कदम है समय सीमा निर्धारित करना। बच्चों के मोबाइल उपयोग के लिए प्रतिदिन का समय फिक्स होना चाहिए। इसके साथ-साथ गूगल फैमिली लिंक जैसे पेरेंटल कंट्रोल ऐप्स का इस्तेमाल कर स्क्रीन टाइम को सीमित किया जा सकता है और यह जाना जा सकता है कि बच्चे मोबाइल पर क्या देख रहे हैं। निगरानी के साथ-साथ संवाद भी उतना ही जरूरी है। बच्चों को केवल डांटना या मोबाइल छीन लेना समाधान नहीं है। खुलकर बातचीत करने से बच्चे अपनी समस्याएं साझा करते हैं और गलत डिजिटल कंटेंट से दूर रहने के लिए खुद को तैयार करते हैं। बच्चों को मोबाइल से दूर रखने का सबसे कारगर तरीका है उन्हें बेहतर विकल्प देना। आउटडोर खेल, किताबें, संगीत, चित्रकला और अन्य रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक हैं। जब बच्चों को सकारात्मक और रोचक विकल्प मिलते हैं, तो वे खुद-ब-खुद मोबाइल से दूरी बनाने लगते हैं। आज सबसे बड़ा खतरा मोबाइल पर खेले जाने वाले कुछ ऑनलाइन गेम्स से जुड़ा है। ब्लू व्हेल चैलेंज, मोमो चैलेंज, कोरियाई लवर गेम, पबजी और ब्लैकआउट चैलेंज जैसे टास्क-बेस्ड गेम्स बच्चों को मानसिक रूप से इतना प्रभावित कर देते हैं कि वे जानलेवा कदम उठाने तक के लिए प्रेरित हो जाते हैं। मोमो चैलेंज डर और धमकी के जरिए बच्चों को जानलेवा काम करने को मजबूर करता है। चोकिंग गेम और ब्लैकआउट चैलेंज जैसी चुनौतियां भी सोशल मीडिया के जरिए फैल रही हैं। अगर समय रहते हम सतर्क हो गए, तो कई मासूम जिंदगियों को बचाया जा सकता है।



भारत-अमेरिका डील
महेन्द्र तिवारी

# वैश्विक राजनीति को मिली नई दिशा

> भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापारिक समझौते ने केवल दो देशों की नीतियों को ही नहीं बदला, बल्कि वैश्विक राजनीति के समीकरणों को भी नई दिशा दी है। जिस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान आयात शुल्क को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को चेतावनी दी थी, वही ट्रंप अचानक भारत के मामले में नरम पड़ते दिखाई दिए। जिन शुल्कों को उन्होंने पहले पचास प्रतिशत तक पहुंचा दिया था, उन्हें घटाकर अठारह प्रतिशत पर लाना कोई सामान्य फैसला नहीं था। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग और गहरा हो सकता है। उभरती तकनीकों, रक्षा उत्पादन और निवेश के क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे।

भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापारिक समझौते ने केवल दो देशों की नीतियों को ही नहीं बदला, बल्कि वैश्विक राजनीति के समीकरणों को भी नई दिशा दी है। जिस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्डट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान आयात शुल्क को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को चेतावनी दी थी, वही ट्रंप अचानक भारत के मामले में नरम पड़ते दिखाई दिए। जिन शुल्कों को उन्होंने पहले पचास प्रतिशत तक पहुंचा दिया था, उन्हें घटाकर अठारह प्रतिशत पर लाना कोई सामान्य फैसला नहीं था। यह बदलाव न तो अचानक हुआ और न ही एकतरफा दबाव का परिणाम था। इसके पीछे भारत की एक सधी हुई, दूरदर्शी और संतुलित कूटनीति काम कर रही थी, जिसने अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश को भी बातचीत की मेज पर सम्मान के साथ बैठने को मजबूर कर दिया। ट्रंप की राजनीति हमेशा आक्रामक रही है। उनका मानना रहा कि आर्थिक दबाव के जरिए ही किसी देश को झुकाया जा सकता है। सत्ता में आते ही उन्होंने चीन के साथ व्यापार युद्ध छेड़ दिया और उसी क्रम में भारत को भी निशाने पर लिया। भारत पर यह आरोप लगाया गया कि वह विदेशी वस्तुओं पर बहुत अधिक कर लगाता है और अमेरिकी कंपनियों को उचित अवसर नहीं देता। इसी सोच के तहत भारत को विशेष व्यापारिक सुविधा की सूची से बाहर कर दिया गया, जिससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस फैसले से दवाइयों, कपड़ों, रत्नों और कृषि उत्पादों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा और भारत के लिए अमेरिकी बाजार कठिन हो गया। भारत ने इस दबाव को चुपचाप स्वीकार नहीं किया। उसने जवाबी कदम उठाए और अमेरिका से आने वाले कई उत्पादों पर कर बढ़ा दिए। इससे अमेरिका के किसान और उद्योगपति प्रभावित हुए। बादाम, सेब और अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात पर असर पड़ा। यह संकेत साफ था कि भारत केवल सुनने वाला देश नहीं है, बल्कि अपने हितों की रक्षा करना जानता है। इसके बावजूद भारत ने टकराव की भाषा नहीं अपनाई। उसने संवाद के दरवाजे खुले रखे और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत साबित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति का मूल आधार संतुलन रहा है। न तो किसी के आगे झुकना और न ही अनावश्यक टकराव। इसी नीति के तहत भारत ने अमेरिका के साथ रणनीतिक सहयोग बढ़ाया। सुरक्षा, रक्षा उत्पादन, तकनीक और निवेश के क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत किया गया। भारत ने यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया कि वह केवल एक बाजार नहीं, बल्कि भरोसेमंद साझेदार है। अमेरिका की बड़ी कंपनियों को भारत में निवेश के अवसर दिए गए, उत्पादन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के माध्यम से उद्योगों को आकर्षित किया गया और नौकरशाही अड़चनों को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। इन सभी प्रयासों का असर तब दिखा जब ट्रंप ने खुद स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के बाद उन्होंने अपने रुख पर पुनर्विचार किया। यह कोई साधारण फोन वार्ता नहीं थी, बल्कि वर्षों की रणनीति और विश्वास का परिणाम थी। ट्रंप जैसे नेता, जो आमतौर पर सार्वजनिक रूप से किसी की प्रशंसा नहीं करते, उन्होंने मोदी को प्रभावशाली और सम्मानित नेता बताया। यह बदलाव केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नीतियों में भी दिखाई दिया। नए व्यापारिक



समझौते के तहत भारत और अमेरिका दोनों ने एक दूसरे को राहत दी। भारत ने कुछ कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने का संकेत दिया, जबकि अमेरिका ने भारतीय इस्पात, कपड़ा और दवा उद्योग को बड़ी राहत दी। इससे भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और लाखों लोगों के रोजगार सुरक्षित होंगे। दवा उद्योग के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारतीय दवाइयाँ सस्ती और प्रभावी मानी जाती हैं और अमेरिका में उनकी मांग लगातार बढ़ रही है। इस पूरे घटनाक्रम में एक बड़ा सवाल यह भी उठा कि क्या अमेरिका से बढ़ती नजदीकी का असर भारत के रूस के साथ संबंधों पर पड़ेगा। यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यूक्रेन युद्ध के बाद रूस से सस्ता तेल खरीदने के कारण भारत पश्चिमी देशों की आलोचना के केंद्र में रहा है। भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए रूस से तेल खरीद जारी रखी, जिससे उसे अरबों रुपये की बचत हुई और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हुई। अमेरिका ने इस पर असंतोष जरूर जताया, लेकिन कोई ठोस प्रतिबंध नहीं लगाया। रूस की ओर से भी यह स्पष्ट किया गया कि भारत के साथ उसके संबंधों में कोई बदलाव नहीं आया है। रूसी नेतृत्व ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार है और दोनों देशों का सहयोग आगे भी जारी रहेगा। रक्षा क्षेत्र में चल रही परियोजनाएं, मिसाइल प्रणालियों की आपूर्ति और सैन्य सहयोग पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि भारत ने अपनी कूटनीति में संतुलन बनाए रखा है और किसी एक खेमे में खुद को सीमित नहीं किया है। आज़ादी के बाद से ही भारत ने गुटनिरपेक्षता और रणनीतिक स्वायत्तता का रास्ता चुना है। भारत अपने फैसले स्वयं करता है, दबाव में नहीं। अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता भी इसी सोच का परिणाम है। इसमें न तो आत्मसमर्पण है और न ही टकराव, बल्कि आपसी लाभ का रास्ता है।

इस समझौते का असर केवल भारत और अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी इसके सकारात्मक संकेत दिखाई देंगे। जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं सहयोग का रास्ता चुनती हैं, तो बाजारों में स्थिरता आती है। निवेशकों का भरोसा बढ़ता है और विकास को गति मिलती है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह खुद को विश्व उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित करे और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी भूमिका मजबूत करे। हालांकि चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। डिजिटल कर, बौद्धिक संपदा अधिकार और आंकड़ों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं। भारत को सावधानी से आगे बढ़ना होगा ताकि घरेलू हितों की अनदेखी न हो। विदेशी कंपनियों को अवसर देते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि देश के कानूनों और संप्रभुता से कोई समझौता न हो। राजनीतिक दृष्टि से भी यह समझौता महत्वपूर्ण है। इससे यह संदेश जाता है कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं, बल्कि वैश्विक नीतियों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की यह एक बड़ी परीक्षा थी, जिसमें वे सफल दिखाई देते हैं। ट्रंप का नरम रुख इस बात का संकेत है कि भारत की बात अब सुनी जाती है। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग और गहरा हो सकता है। उभरती तकनीकों, रक्षा उत्पादन और निवेश के क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे। साथ ही रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा सहयोग भी जारी रहेगा। भारत दोनों शक्तियों के साथ अपने हितों के अनुसार संबंध बनाए रखेगा। अंततः यह कहानी बदलती दुनिया में समझदारी भरी कूटनीति की है। यह दिखाती है कि शोर मचाने से नहीं, बल्कि संवाद और संतुलन से बड़े फैसले लिए जाते हैं। भारत ने यही रास्ता चुना है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

डिजिटल लत
राजेश जैन



# अगर अब भी नहीं चेते तो बहुत देर हो जाएगी

भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। देश की लगभग दो-तिहाई आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है। यही युवा भारत की आर्थिक वृद्धि, सामाजिक बदलाव और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की असली ताकत हैं, लेकिन यही पीढ़ी आज एक ऐसे संकट की गिरफ्त में है, जो दिखता कम है और असर गहरा करता है-डिजिटल लत। इकोनॉमिक सर्वे 2025–26 ने पहली बार इस समस्या को सिर्फ़ सामाजिक नहीं, बल्कि आर्थिक खतरे के रूप में रेखांकित किया है। सर्वे बच्चों और युवाओं के 5 से 10 घंटे तक के स्क्रीन टाइम पर गंभीर चिंता जताता है और साफ़ कहता है कि अगर यह प्रवृत्ति यूं ही बढ़ती रही, तो आने वाले वर्षों में इसका असर जीडीपी पर भी दिख सकता है। यही वजह है कि रिपोर्ट में छात्रों को साधारण फोन देने, सोशल मीडिया के लिए उम्र-सीमा तय करने और उम्र आधारित डिजिटल एक्सेस पॉलिसी बनाने जैसी बड़ी सिफारिशें की गई हैं। सर्वे का आकलन साफ़ है कि छोटे बच्चे और किशोर इस लत के सबसे आसान शिकार हैं। वे जल्दी फंसते हैं, गलत कंटेंट तक पहुंच जाते हैं और धीरे-धीरे स्क्रीन पर निर्भर हो जाते हैं। इसलिए ज़रूरी है कि ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स पर उम्र के हिसाब से पाबंदियां हों, ऑनलाइन कंपनियों को उम्र सत्यापन और बच्चों के लिए सुरक्षित सेटिंग्स की कानूनी ज़िम्मेदारी दी जाए और खासकर सोशल मीडिया, जुए से जुड़े ऐप्स, ऑटो-प्ले वीडियो और आक्रामक विज्ञापनों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। यह चेतावनी हल्के में लेने लायक नहीं है। पिछले एक दशक में भारत ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में ऐतिहासिक छलांग लगाई है। इंटरनेट कनेक्शन 25 करोड़ से बढ़कर करीब 97 करोड़ हो चुके हैं। 5जी नेटवर्क, भारतनेट और सस्ते डेटा ने गांव-गांव तक डिजिटल सेवाएं पहुंचा दी हैं।

डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान राष्ट्रीय आय में 13 प्रतिशत से ज्यादा होने का अनुमान है और लगभग 85 प्रतिशत घरों में कम से कम एक स्मार्टफोन मौजूद है। यह उपलब्धि है, लेकिन इसके समानांतर स्क्रीन टाइम भी विस्फोटक रफ्तार से बढ़ा है। करोड़ों युवा दिन का बड़ा हिस्सा मोबाइल पर बिताते हैं-ओटीटी, सोशल मीडिया और गेमिंग के बीच झूलते हुए। यहीं से सुविधा आदत बनती है और आदत कब लत बन जाती है, पता ही नहीं चलता। इकोनॉमिक सर्वे डिजिटल लत को स्मार्टफोन, इंटरनेट, गेमिंग और सोशल मीडिया से जुड़ा नशे जैसा व्यवहार बताता है, जहां व्यक्ति लगातार, अत्यधिक और जुनूनी ढंग से स्क्रीन से जुड़ा रहता है। इसके नतीजे साफ़ दिख रहे हैं: ध्यान भटकना, नींद की कमी, चिड़चिड़ापन, पढ़ाई और काम में गिरावट, सामाजिक अलगाव और भावनात्मक अस्थिरता। विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही गेमिंग डिसऑर्डर को मानसिक बीमारी के रूप में मान्यता दे चुका है। यह साफ़ संकेत है कि मामला अब व्यक्तिगत आदतों तक सीमित नहीं रहा, यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुका है। डिजिटल लत का पहला शिकार शिक्षा व्यवस्था बन रही है। रील संस्कृति और शॉर्ट वीडियो ने युवाओं की गहन अध्ययन क्षमता को खोखला कर दिया है। लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की आदत टूट रही है। शिक्षक बताते हैं कि छात्र किताबों से ज़्यादा स्क्रीन पर निर्भर हो गए हैं। असाइनमेंट कॉपी-पेस्ट हो रहे हैं, आलोचनात्मक सोच घट रही है। यह असर केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं रहेगा। अत्यधिक डिजिटल निर्भरता से काम की उत्पादकता घटेगी, स्वास्थ्य खर्च बढ़ेगा और जोखिम भरे ऑनलाइन व्यवहार से आर्थिक नुकसान होगा।

दुनिया के कई देश इस चुनौती को गंभीरता से ले चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर रोक लगाई है। इन सभी प्रयासों का सार यही है कि तकनीक को हटाया नहीं जा सकता, लेकिन उसके उपयोग को दिशा दी जा सकती है। भारत में भी पहल शुरू हुई है। सीबीएसई के सुरक्षित इंटरनेट दिशानिर्देश, प्रज्ञाता फ्रेमवर्क, टेली मानस हेल्पलाइन और कुछ राज्यों की डिजिटल डी-एडिक्शन योजनाएं स्वागत योग्य हैं। सच्चाई यह है कि ये प्रयास बिखरे हुए हैं। अब वक्त आ गया है कि भारत डिजिटल सुविधा के साथ-साथ डिजिटल स्वास्थ्य को भी नीति के केंद्र में रखे। एक प्रभावी राष्ट्रीय डिजिटल वेलनेस नीति में स्कूल पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता और मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा, हर ज़िले में डिजिटल लत काउंसलिंग केंद्र, उम्र के अनुसार स्क्रीन टाइम गाइडलाइन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के एल्गोरिदम पर जवाबदेही, अभिभावकों के लिए बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान और बच्चों-युवाओं को स्क्रीन से बाहर लाने के लिए खेल व सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा जैसे कदम शामिल होने चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# ईश्वर की प्राप्ति जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

# आखिर कर्म ही महान



संकलित
प्रेरणा

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उचित खानपान व जीवनशैली की जरूरत

कैंसर से बचने और इसके बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से दुनियाभर में विश्व कैंसर दिवस, 4 फरवरी को मनाया जाता आ रहा है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में कैंसर के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। कुछ समय पहले हमारे देश में 11 लाख से ज्यादा कैंसर के नए मामले सामने आए, जबकि 7 लाख 84 हजार 800 लोगों की मौत कैंसर से हुई। हमारे देश में कैंसर के बढ़ते आंकड़े चिंताजनक है। अगर इसके लिए जल्दी से जल्दी चिंतन नहीं किया गया और गंभीरता नहीं दिखाई गई तो यह हमारे देश के लिए और भी मुसीबत बन सकता है। उचित खानपान व जीवनशैली की जरूरत है।

**- राकेश गुप्ता**, रायगढ़

## ट्रेंड

### ऐतिहासिक व्यापार समझौता



भारत और अमेरिका के बीच हुआ ऐतिहासिक व्यापार समझौता देश और विशेषकर हमारे राजस्थान के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने वाला है। इस कदम से ज्वेलरी, हैंडीक्राफ्ट, गारमेंट और स्टोन इंडस्ट्री के लिए वैश्विक बाजार के द्वार खुलेंगे, जिससे निर्यात में वृद्धि होगी।

**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### सवालों का जवाब दे केंद्र



केंद्रीय भाजपा सरकार विपक्ष नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों से क्यों डर रही है? सरकार को सदन के सदस्यों के सवालों का जवाब देने और राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों से जुड़े मामलों पर स्पष्टता प्रदान करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**- एम.के. स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु**

### दिल्ली असुरक्षित क्यों



दिल्ली में सिर्फ 15 दिन में 807 लोग गायब हो गए, ये हालात सामान्य नहीं, बेहद डराने वाले हैं। राजधानी में लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। दिल्ली में हर स्तर पर बीजेपी के पास पूरी ताकत है, फिर भी दिल्ली इतनी असुरक्षित क्यों है ?

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### जनता के लिए हानिकारक



ये डील नहीं, ढील है। भाजपा की उल्टी गणित से जनता फिर पूछ रही है : ज़ीरो बड़ा या अठारह, इस देश में कोई भी डील जो 70 फीसदी कृषि आधारित जनता के लिए हानिकारक है वो कभी लाभकारी साबित नहीं हो सकती है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# जिल बाइडन के पूर्व पति पर पत्नी की हत्या का आरोप



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन के पूर्व पति पर दिसंबर के अंत में डेलावेयर स्थित घर में अपनी पत्नी की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विलमिंगटन निवासी विलियम स्टीवेन्सन (77) का जिल बाइडन से वैवाहिक रिश्ता 1970 से 1975 तक चला था। डेलावेयर के अटॉर्नी जनरल की प्रवक्ता कैरोलिन हैरिसन ने फोन पर बातचीत में पुष्टि की कि स्टीवेन्सन, जिल बाइडन के पूर्व पति हैं। पूर्व राष्ट्रपति और भूतपूर्व प्रथम महिला के कार्यालय के प्रवक्ता द्वारा ईमेल के माध्यम से दिए गए जवाब के अनुसार, जिल बाइडन ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हत्या के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किए जाने के बाद पांच लाख अमेरिकी डॉलर की जमानत राशि जमा करने में विफल रहने के कारण स्टीवेन्सन जेल में ही है। उन पर 28 दिसंबर को 64 वर्षीय लिंडा स्टीवेन्सन की हत्या का आरोप है। विज्ञप्ति के अनुसार, रात 11 बजे के बाद घरेलू विवाद की सूचना पर पुलिस को घर बुलाया गया और उन्होंने बैठक कक्ष में एक महिला को बेहोश पाया। लिंडा स्टीवेन्सन के शोक संदेश के मुताबिक, वह व्यवसाय करती थी और उन्हें परिवार–उन्मुख मां और दादी बताया गया है।

## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे



क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# कोपा डेल रे : बार्सिलोना लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में, अल्बासेटे को हराया



एजेंसी ⏭ मैड्रिड

लामिन यामल और रोनाल्ड अरौजो ने प्रत्येक हाफ में एक-एक गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने दूसरी श्रेणी की टीम अल्बासेटे को 2-1 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अल्बासेटे ने राउंड ऑफ 16 में रियाल मैड्रिड को हराकर सबको चौंका दिया था।

बार्सिलोना के सामने भी उसने अच्छी चुनौती पेश की। बार्सिलोना की सभी टूर्नामेंटों में खेले गए पिछले 17 मैचों में यह 16वीं जीत है। वह लगातार चौथी बार कोपा सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड को हराकर खिताब जीता था। बार्सिलोना स्पेनिश लीग में शीर्ष पर है और रियाल मैड्रिड से एक अंक आगे है। कोपा का सेमीफाइनल दो चरणों में खेला जाएगा। फाइनल अप्रैल में सेविला में होगा।



# इंग्लिश लीग कपः आर्सेनल ने चेल्सी को हराया, फाइनल में एंट्री

एजेंसी ⏭ लंदन

आर्सेनल ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चेल्सी को हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। काई हावर्ट्ज ने खेले गए सेमीफाइनल के दूसरे चरण में अपने पूर्व क्लब के खिलाफ स्टॉपेज टाइम में गोल किया, जिससे आर्सेनल ने चेल्सी को 1-0 से हराया। इस तरह से उसने कुल मिलाकर 4-2 के अंतर से जीत हासिल की। आर्सेनल की टीम ने 2020 से कोई ट्रॉफी नहीं जीती है लेकिन इस सत्र में उसने अब तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उसकी टीम प्रीमियर लीग में छह अंकों की बढ़त के साथ 2004 के बाद पहली बार इंग्लिश चैंपियन बनने की दौड़ में है और लगातार आठ जीत के बाद चैंपियंस लीग तालिका में भी शीर्ष पर है। इसके अलावा आर्सेनल एफए कप के चौथे दौर में भी पहुंच गया है। इंग्लिश लीग कप के फाइनल में आर्सेनल का मुकाबला 22 मार्च को मैनचेस्टर सिटी या न्यूकैसल से होगा। मैनचेस्टर सिटी की टीम सेमीफाइनल के पहले चरण के बाद 2-0 से आगे है।

## खबर संक्षेप



### रोहित-कोहली को खेलना जारी रखना चाहिए : धोनी

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए कहा है कि उन्हें कोई यह न बताए कि वे खेलना जारी रख सकते हैं या नहीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय टीम घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप में खतरनाक साबित होगी। धोनी ने खेल प्रसारक जतिन सप्रू के साथ एक साक्षात्कार में भारतीय क्रिकेट पर अपने विचार व्यक्त किए। बातचीत के दौरान जब रोहित (38 वर्ष) और कोहली (37 वर्ष) के 2027 वनडे विश्व कप खेलने की संभावना को लेकर बात हुई तो धोनी ने पहले चुटकी लेते हुए कहा, 'माफ़ कीजिए, सवाल क्या है।' लेकिन धोनी ने तुरंत ही गंभीर लहजा अपनाते हुए पूछा, 'क्यों नहीं। किसी को विश्व कप क्यों नहीं खेलना चाहिए। मेरे लिए उम्र कोई मापदंड नहीं है। मेरे लिए प्रदर्शन और फिटनेस ही मापदंड हैं। मेरा मानना है कि किसी को कुछ भी बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह स्पष्ट होना चाहिए कि सबके साथ एक जैसा व्यवहार किया जाएगा।' उन्होंने कहा, ''जब मैंने पदार्पण किया तब मैं 24 साल का था।

### टी20: इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया सीरीज की 3-0 से क्लीन स्वीप

**पल्लीकल।** इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को 12 रन से हराकर श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया और इस तरह से 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी शानदार तैयारियों का पुख्ता सबूत पेश किया। इंग्लैंड ने इस कम स्कोर वाले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 128 रन बनाए। श्रीलंका की टीम इसके जवाब में 19.3 ओवर में 116 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड की जीत के नायक बाएं हाथ के स्पिनर जैकब बेथेल रहे, जिन्होंने 11 रन देकर 4 विकेट लिए। इससे पहले सैम कुरेन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 58 रन की पारी खेली जबकि जोस बटलर ने 25 रन का योगदान दिया। श्रीलंका की तरफ से तेज गेंदबाज दुशमंथा चमीरा ने भी श्रृंखला के अपने पहले मैच में करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 24 रन देकर 5 विकेट लिए।

## अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया, भारत अब फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा

# अंडर-19 विश्व कपः आरोन जॉर्ज का शतक, भारत फाइनल में पहुंचा

भाषा ⏭ हरारे

भारत ने आरोन जॉर्ज (115 रन) के शानदार शतक के साथ आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी (68 रन) और आयुष म्हात्रे (62 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से बुधवार को यहां अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। भारत अब शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा। यह अंडर-19 टूर्नामेंट में भारत का 10वां फाइनल होगा। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए फैसल शिनोजादा (110) और उजैरुल्लाह नियाजई (101) के शतकों की मदद से 310 रन बनाए। लेकिन भारत ने यह लक्ष्य 41.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस तरह अंडर-19 विश्व कप में भारत ने अब तक के सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया। आरोन (104 गेंद, 15 चौके, दो छक्के) ने बेहतरीन शॉट्स की मदद से शतक जड़ा। उन्हें सूर्यवंशी (33 गेंद, नौ चौके, चार छक्के) और म्हात्रे (59 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) का पूरा साथ मिला जिससे भारत का रन-रेट पूरे समय सात से ऊपर ही रहा। सूर्यवंशी ने अपने चिर परिचित अंदाज में बाउंड्री की झड़ी लगाकर पारी को शानदार शुरुआत दी जिसमें ऑफ-स्पिनर वाहिदुल्लाह जादरान के खिलाफ उन्होंने कई बेहतरीन शॉट्स लगाए। इसमें किस्मत ने भी उनका साथ दिया क्योंकि नियाजाई ने अब्दुल अजीज की गेंद पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का कैच छोड़ दिया, तब वह 22 रन पर थे।

- आरोन ने 115 रन की शानदार पारी खेली जिसमें उन्होंने 15 चौके, दो छक्के लगाए



लेकिन इसके बावजूद सूर्यवंशी ने काफी आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने तेज गेंदबाज नूरिस्तानी उमरजई की गेंद पर एक शानदार हेलीकॉप्टर शॉट से छक्का भी लगाया। सूर्यवंशी ने अपनी पारी में बार बार पुल शॉट खेलने की कोशिश की जो आखिरकार उनके आउट होने का कारण बना। उमरजई की गेंद पर वह सर्कल के अंदर उस्मान सादात के हाथों कैच आउट हुए। इस तरह पहले विकेट की साझेदारी 93 रन पर खत्म हुई। लेकिन आरोन ने फिर म्हात्रे के साथ मिलकर 102 गेंद में 114 रन की साझेदारी की और 27वें ओवर में भारत को 200 के पार पहुंचाया। म्हात्रे इस टूर्नामेंट में अपनी लय पाने के लिए संघर्ष कर रहे थे और उन्होंने सही समय पर अर्धशतक जड़ा। एक बार फिर आरोन ने 'एंकर' की भूमिका बखूबी निभाई जबकि म्हात्रे ने टीम को जरूरी रन रेट से आगे रखने के लिए जोखिम भरे शॉट खेले। म्हात्रे के आउट होने के बावजूद आरोन ने सहजता से बल्लेबाजी करना जारी रखा। उन्होंने एक भी शॉट आक्रामक होते हुए नहीं लगाया।

### आरोन और विहान ने तीसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े

आरोन और विहान मल्होत्रा ने तीसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े जिससे भारत आसानी से जीत की ओर बढ़ रहा था। हालांकि आरोन टीम को जीतते हुए देखने के लिए क्रीज पर नहीं टिक सके और 40वें ओवर में जादरान का शिकार हुए। पर तब जीत के लिए केवल 11 रन चाहिए थे। इससे पहले शिनोजादा और नियाजई के शतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। शिनोजादा 93 गेंद में 110 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि नियाजई ने 86 गेंद में नाबाद 101 रन की पारी खेली। भारतीय गेंदबाज नियमित अंतराल पर विकेट झटकने में संघर्ष करते दिखे। उस्मान सादत और खालिद अहमदजई की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए 53 रन जोड़े। तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन ने 13वें ओवर में पहला विकेट लिया। देवेंद्रन की लेंथ गेंद अहमदजई के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू के हाथों में चली गई। उन्होंने 39 गेंद में 31 रन बनाए। इसके बाद शिनोजादा ने सादत के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े जिससे अफगानिस्तान बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहा था। हालांकि स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर कनिष्क चौहान ने 25वें ओवर की शुरुआत में भारत के लिए दूसरा विकेट लिया। उनकी गेंद पर सादत लांग-ऑफ पर कैच आउट हुए। सादत ने 70 गेंद खेलकर 39 रन बनाए।

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

# भारतीय पुरुष और महिला टीम जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में

**किंगदाओ (चीन) (भाषा)।** भारतीय पुरुष टीम ने सिंगापुर की कड़ी चुनौती से उबरते हुए जीत हासिल की, जबकि महिला टीम ने अपने शुरुआती ग्रुप चरण मैच में म्यांमार पर दबदबा बनाते हुए बुधवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। भारत और सिंगापुर के बीच पुरुषों के ग्रुप सी का मुकाबला काफी रोमांचक रहा जिसमें दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने जिया वेई जोएल कोह के खिलाफ तीसरे पुरुष एकल में शानदार प्रदर्शन किया।
श्रीकांत ने 21-15, 21-16 से जीत हासिल की जिससे भारतीय पुरुष टीम ने अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की और अंतिम आठ में जगह पक्की कर ली क्योंकि सिंगापुर पहले ही जापान से अपना ग्रुप मैच 1-4 से हार गया था। भारत के लिए मुकाबले की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं हुई क्योंकि लक्ष्य सेन को पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू ने 21-16, 19-21, 21-16 से हरा दिया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने एंग कीट वेस्ले कोह और जुंसुके कुबो को 21-10, 21-8 से हराकर भारत को बराबरी दिलाई। आयुष शेट्टी ने जिया हेंग जेसन तेह को 21-17, 21-15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। पृथ्वी रॉय और के साई प्रतीक की दूसरी युगल जोड़ी को पहला गेम जीतने के बावजूद एनजे जू जी और डोनोवन विलैंड वी के खिलाफ 21-8, 21-23, 20-22 से शिकस्त झेलनी पड़ी जिससे मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया। इसका मतलब था कि श्रीकांत को कोह को हराने का रास्ता खोजना था और इस अनुभवी खिलाड़ी ने यह काम शानदार तरीके से किया।



### भारतीय महिला टीम ने म्यांमार को हराया

महिलाओं के मैच में गत चैंपियन भारत को म्यांमार के खिलाफ कोई खास मेहनत नहीं करनी पड़ी जिसमें विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा ने थेट हतार थुजार को 21-13, 21-16 से हराकर खाता खोला और फिर टीम ने बाकी बचे दो एकल और दोनों युगल मैच जीत लिए। भारत अब बृहस्पतिवार को दूसरे ग्रुप मैच में थाईलैंड से भिड़ेगा जिससे ग्रुप विजेता का फैसला होगा।

# भारतीय मुक्केबाजों की दमदार शुरुआत हितेश गुलिया और प्रीति ने जीते मुकाबले

एजेंसी ⏭ लानुसिया

हितेश गुलिया (70 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) की शानदार जीत की बदौलत भारत ने बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 मुक्केबाजी टूर्नामेंट में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। इस टूर्नामेंट में 21 देशों के 214 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। हितेश ने 70 किग्रा भार वर्ग के एलीट पुरुष वर्ग में अपना दबदबा कायम रखते हुए नीदरलैंड के फिन बोस को 5-0 के अंतर से हराया।

इससे पहले प्रीति ने महिलाओं के एलीट 54 किग्रा में कजाकिस्तान की अलियास्कर सिम्बैट पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की थी। भारत की अन्य महिला खिलाड़ियों में प्राची (57 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा) और काजल (65 किग्रा) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह बनाई। प्राची और प्रिया ने क्रमशः स्पेन की वनेसा मोरेल रामिरेज़ और कनाडा की एलेशिया मानसुएटो पर 5-0 की एक समान जीत दर्ज की, जबकि काजल ने कजाकिस्तान के असीम तनातार को 4-1 से हराया।



### सचिन ने स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5-0 से दी मात

*पुरुषों के वर्ग में भारत के सचिन (60 किग्रा) ने स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5-0 से जबकि मोहम्मद हुसामुद्दीन (60 किग्रा) ने डेनमार्क के मटियास मेहमत बुयुक्देमिर को 4-1 से हराया। अभिनाश जमवाल (65 किग्रा) ने डेनमार्क के क़ालिद उस्मान पर 5-0 की शानदार जीत के साथ प्रभावित किया। दीपक (70 किग्रा) ने बेल्जियम के हॉर्नेल आयतेवी को 4-1 से हराया। आकाश (75 किग्रा) और अंकुश (80 किग्रा) ने भी 4-1 से जीत हासिल करके अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा) इंग्लैंड के जो टर्नर से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।*

### भारत ने भूटान को हराया, फाइनल में प्रवेश

**पोखरा।** भारत की अंडर-17 महिला टीम ने सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के अपने अंतिम राउंड-रॉबिन मैच में भूटान को 8-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उसका सामना बांग्लादेश से होगा। भारत के लिए पर्ल फर्नांडिस (16, 39, 41वें मिनट) ने पहले हाफ में हैट्रिक लगाई जबकि प्रीतिका बर्मन (25, 90वें मिनट) ने भारत के लिए दोनों हाफ में एक-एक गोल किया। अलीशा लिंगदोह (छठे), अभिस्ता बसनेट (10वें), और दिव्यानी लिंडा (17वें) ने एक-एक गोल किया। वहीं बांग्लादेश ने दिन के दूसरे मैच में मेजबान नेपाल को 4-0 से हराया। भारत तालिका में तीन मैच में छह अंक के साथ बांग्लादेश से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। मेजबान टीम तीन अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही जबकि भूटान बिना किसी अंक के सबसे नीचे रहा। तालिका में शीर्ष दो टीम भारत और बांग्लादेश अब शनिवार को फाइनल में आमने-सामने होंगी।

## बदल दिए गए क्रिकेट के 70 से ज्यादा नियम, अक्टूबर से होगा लागू

# अब अंतिम ओवर पूरा करना होगा अनिवार्य

**नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने क्रिकेट के नियमों में कई बदलाव की घोषणा की है। मंगलवार (3 फरवरी 2026) को एमसीसी ने कुल 73 नियमों में बदलाव की घोषणा की है जिसमें टेस्ट मैच में अगर अंतिम ओवर के दौरान विकेट गिरता है तो पूरा ओवर खेलना अनिवार्य करना भी शामिल है। वहीं बाउंड्री पर लेने वाले कैच, विकेटकीपर की पोजीशन आदि कई नियमों में बदलाव सामने आए हैं। यह सभी नए नियम एक अक्टूबर 2026 से लागू होंगे।



### विकेटकीपर से जुड़े नियमों में भी बदलाव

विकेटकीपर से जुड़े नियम में भी बदलाव किया गया है। अब गेंद फेंके जाने से पहले अगर विकेटकीपर स्टंप्स के बराबर या आगे खड़ा होता है, तो इसे नो बॉल नहीं माना जाएगा। एमसीसी ने कहा, विकेटकीपर अब भी गेंद को पकड़ने के लिए तब तक स्टंप्स के आगे नहीं आ सकता, जब तक गेंद बल्लेबाज के विकेट को पार न कर जाए या बल्ले अथवा शरीर से संपर्क न कर ले, लेकिन अब नियम यह है कि गेंद छोड़े जाने के बाद ही विकेटकीपर को पूरी तरह स्टंप्स के पीछे होना होगा।

### बॉल और बैट के लिए तय हुए मानक

एमसीसी ने मौजूदा और पूर्व महिला खिलाड़ियों के साथ मिलकर जूनियर और महिला क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंदों के लिए नए मानक और नाम भी तय किए हैं। एमसीसी के अनुसार अब गेंदों को साइज-1, साइज-2 और साइज-3 के रूप में बांटा गया है। साइज-1 (पारंपरिक पुरुषों की गेंद) में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन अब तीनों श्रेणियों के लिए मानक एक समान कर दिए गए हैं।

### बाउंड्री लाइन के कैच का नियम बदला

वहीं बाउंड्री लाइन के पास लिए जाने वाले कैच को लेकर 'बनी हॉप कैच' को हटाया गया है। अब कोई भी फील्डर बाउंड्री के बाहर रहते हुए हवा में गेंद को केवल एक बार छू सकता है और उसके बाद पूरी तरह बाउंड्री के अंदर जमीन पर होना जरूरी होगा। एमसीसी ने कहा कि अगर कोई फील्डर बाउंड्री के बाहर से गेंद को उछालकर अंदर खड़े साथी खिलाड़ी की ओर पास करता है और बाद में खुद लाइन के बाहर चला जाता है, तो उसे बाउंड्री माना जाएगा।

## विश्व चैंपियन सम्राट राणा को कांस्य पदक से करना पड़ा संतोष

# एशियाई चैंपियनशिप में भारत का दबदबा, जीते दो स्वर्ण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओलंपियन ईशा सिंह ने पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए बुधवार को एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (पिस्टल/राइफल) के पहले दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और भारत को टीम वर्ग में भी पीला तमगा दिलाने में मदद की, लेकिन विश्व चैंपियन सम्राट राणा को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

इक्कीस वर्षीय ईशा ने फाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 239.8 अंक हासिल किए। उन्होंने चीनी ताइपे की दो निशानेबाजों चेंग येन चिंग (235.4, रजत) और यू ऐ वेन (217.7, कांस्य) के अलावा हमवतन सुरुचि सिंह की कड़ी चुनौती से पार पाकर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

### सम्राट नहीं कर पाए अपेक्षित प्रदर्शन

इससे पहले विश्व चैंपियन सम्राट पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पिछले साल काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सम्राट ने क्वालीफाइंग राउंड में 581 का स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई और लग रहा था कि वह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहेंगे। लेकिन फाइनल में यह 21 वर्षीय खिलाड़ी 220.3 का स्कोर बनाकर उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव (242.0) और कजाकिस्तान के वैलेरी रखिमजान (241.0) से पीछे तीसरे स्थान पर रहा। आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी श्रवण कुमार चौथे स्थान पर रहे।



*क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि दूसरे स्थान पर : क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि 576 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि मनु और ईशा दोनों का स्कोर 575 रहा। इन तीनों ने फाइनल में जगह बनाई। सुरुचि (576), मनु (575) और ईशा (575) की तिकड़ी ने कुल 1726 अंकों के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता, जो क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाले वियतनाम (1713) और चीनी ताइपे (1711) से काफी अधिक था।*


### ईशा ने 19 वर्ष की आयु में जीता था पहला खिताब

*ईशा ने निशानेबाज ने पिछले साल चीन के निंगबो में आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2024 में 19 वर्ष की आयु में जकार्ता में अपना पहला महाद्वीपीय खिताब जीता था। पहले 10 शॉट के चरण के बाद फाइनल में बढ़त बनाने वाली 19 वर्षीय सुरुचि एलिमिनेशन राउंड में पिछड़ गईं और चौथे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने और आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय मनु भाकर सातवें स्थान पर रहीं। ईशा ने संयम बनाए रखते हुए 10.4 और उससे अधिक के तीन स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा मजबूत किया जबकि इस बीच चीनी ताइपे की दोनों निशानेबाज पिछड़ गईं।*

# भारत ने अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से हराया

**नवी मुंबई (भाषा)।** इशान किशन की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से हरा दिया। भारत के 241 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 45), रियान रिकेल्टन (44), एडेन मारक्रम (38), जेसन स्मिथ (35) और मार्को यानसेन (31) की पारियों के बावजूद सात विकेट पर 210 रन ही बना सकी। भारत की ओर से अभिषेक शर्मा ने 32 रन देकर दो विकेट चटकाए। इशान ने इससे पहले 20 गेंद में सात छक्कों और दो चौकों से 53 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक शर्मा (24) के साथ पहले विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने पांच विकेट पर 240 रन बनाए। चोट के बाद वापसी कर रहे तिलक वर्मा ने भी 19 गेंद में तीन छक्कों और इतने ही चौकों से 45 रन की पारी खेली। अक्षर पटेल (नाबाद 35), कप्तान सूर्यकुमार यादव (30) और हार्दिक पंड्या (30) ने भी उपयोगी योगदान दिया। उम्मीद है कि इशान सात फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ भारत के पहले टी20 विश्व कप मैच में अभिषेक के साथ पारी का आगाज करेंगे।

- इशान ने इससे पहले 20 गेंद में सात छक्कों और दो चौकों से 53 रन की पारी खेली




## खबर संक्षेप

### एलन मस्क बने दुनिया के सबसे अमीर आदमी



**नई दिल्ली।** टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने इतिहास रच दिया है। एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स द्वारा उनकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सोशल मीडिया फर्म एक्सएआई को खरीदने के बाद मस्क की दौलत में गजब का उछाल आया है। उनकी नेट वर्थ अब 800 बिलियन डॉलर (72,37,400 करोड़) के पार चली गई और वह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।

### इजराइली गोलीबारी में 19 फिलीस्तीन की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में इजराइली गोलीबारी में कम से कम 19 फिलीस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं और बच्चों की बताई गई है। अस्पताल अधिकारियों ने मौतों की पुष्टि की है। इजराइल की ओर से कहा गया है कि कार्रवाई उसके सैनिकों पर मिलिटेंट गोलीबारी के जवाब में की गई। सैनिकों पर पहले उग्रवादियों ने गोलीबारी की।


### ग्रीस में जहाज से टकराई नौका, 14 की मौत

**चियोस।** ग्रीस के पूर्वी एजियन द्वीप चियोस के पास एक स्पीडबोट और ग्रीक कोस्ट गार्ड की नाव की टक्कर में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। ग्रीक कोस्ट गार्ड ने मंगलवार को बताया कि 24 लोगों को बचाया गया और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इसमें दो कोस्ट गार्ड अधिकारी भी घायल हुए हैं।

### ट्रेड डील पर ट्रंप की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट का बड़ा बयान

# रूस से बंद कर अमेरिका-वेनेजुएला से तेल खरीदेगा भारत, बड़े निवेश का भी किया वादा

कैरोलिन लेविट ने कहा कि भारत ने न सिर्फ रूस से तेल खरीदना बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है, बल्कि अमेरिका से तेल खरीदने की भी प्रतिबद्धता जताई है, और संभवतः वेनेजुएला से भी, जिसका सीधा लाभ अब अमेरिका और अमेरिकी जनता को मिलेगा



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के बीच नए व्यापारिक युग की शुरुआत हो चुकी है। सोमवार (02 फरवरी) को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर लगाया पारस्परिक टैरिफ 18 फीसदी कर दिया। इसी के साथ लंबे समय से अटके व्यापार समझौते पर भी ट्रंप ने सहमति जताई है। ऐसे में अब व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने भारत-अमेरिका के व्यापार समझौते पर जानकारी साझा की है। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को अमेरिका-भारत समझौते, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों का जिक्र किया। लेविट ने दावा किया कि पीएम मोदी रूसी तेल की खरीद बंद करने और इसके बजाय अमेरिका और संभवत वेनेजुएला से तेल खरीदने पर सहमत हो गए।

**ट्रंप और मोदी के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध**



पीएम मोदी व राष्ट्रपति ट्रंप — फाइल फोटो

#### यह एक शानदार समझौता

वॉशिंगटन में मीडिया से बात करते हुए कैरोलिन लेविट ने कहा कि भारत ने न सिर्फ रूस से तेल खरीदना बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है, बल्कि अमेरिका से तेल खरीदने की भी प्रतिबद्धता जताई है, और संभवतः वेनेजुएला से भी, जिसका सीधा लाभ अब अमेरिका और अमेरिकी जनता को मिलेगा। पीएम मोदी ने ऊर्जा, परिवहन और कृषि उत्पादों सहित अमेरिका में 500 अरब डॉलर (करीब 45 लाख अरब रुपए) के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यह एक और शानदार व्यापार समझौता है।

#### दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध

*कैरोलिन लेविट ने कहा कि ये प्रतिबद्धताएं दोनों देशों के नेताओं के बीच हुई सीधी बातचीत के बाद की गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के साथ एक और बड़ा व्यापार समझौता किया। उन्होंने पीएम मोदी से सीधे बात की है, दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। लेविट ने कहा कि ट्रंप के टैरिफ अमेरिकी अर्थव्यवस्था में नकदी की आपूर्ति कर रहे हैं। राष्ट्रपति के टैरिफ कारगर साबित हो रहे हैं और उनका आर्थिक एजेंडा भी काम कर रहा है।*

#### अमेरिका में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे

*लेविट ने कहा कि टैरिफ लगाने के साथ-साथ अमेरिका में विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा देने से रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। राष्ट्रपति ने दुनिया भर के देशों और कंपनियों से अमेरिका में निवेश लाने में अहम भूमिका निभाई है। पिछले कुछ महीनों में हमने निर्माण क्षेत्र में रोजगार में भारी वृद्धि देखी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये कारखाने यहीं अमेरिका में बनाए जा रहे हैं और हम अमेरिकियों को रोजगार दे रहे हैं।*

#### यूएसआईबीसी अध्यक्ष बोले

### समझौता निर्णायक कदम, कारोबारी जगत में सकारात्मक माहौल



अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को 'बेहद अहम' करार देते हुए कहा है कि यह दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों को नया आकार दे सकता है। यह दोनों देशों के बीच रिश्तों की गति के लिए बेहद अच्छा और सकारात्मक है। साथ ही यह दोनों पक्षों के कारोबारियों और निवेशकों के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होगा। इस व्यापार समझौते की घोषणा के बाद अमेरिकी कारोबारी जगत में माहौल काफी सकारात्मक है। केशप ने कहा कि इस समझौते पर लगभग एक साल तक बातचीत चली, जिसकी शुरुआत फरवरी 2025 में पीएम नरेंद्र मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा के बाद हुई थी।

#### टैरिफ की धमकी से झुका मेक्सिको

### हर साल तय मात्रा में देगा अमेरिका को पानी



मेक्सिको और अमेरिका के बीच पानी को लेकर एक अहम समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत मेक्सिको अब हर साल अमेरिका को तय मात्रा में पानी देगा, ताकि भविष्य में कोई अनिश्चितता न रहे। बता दें कि, इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले चेतावनी दी थी कि अगर मेक्सिको ने ज्यादा और समय पर पानी नहीं दिया, तो वह मेक्सिको से आने वाले सामान पर 5 फीसदी तक टैरिफ (आयात शुल्क) बढ़ा सकते हैं। नए समझौते के अनुसार, मेक्सिको मौजूदा पांच साल के चक्र में हर साल कम से कम 3.5 लाख एकड़-फुट पानी अमेरिका को देगा।

### जयशंकर की यूएस विदेश मंत्री से मुलाकात

## साझा हितों को बढ़ाने दोनों देशों के बीच जल्द होंगी कई 'बैठकें'



वॉशिंगटन में डॉ. एस. जयशंकर और मार्को रूबियो के बीच मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर इन दिनों अमेरिकी दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट के साथ अलग-अलग बैठकें कीं, जिसमें भारत-अमेरिका रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी पर व्यापक चर्चा हुई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मार्को रूबियो से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि आज दोपहर अमेरिकी सीनेटर रूबियो से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी द्विपक्षीय सहयोग एजेंडा व क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से बातचीत हुई। भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के जिन पहलुओं पर चर्चा हुई, उनमें व्यापार, ऊर्जा, परमाणु, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और टेक्नोलॉजी शामिल थे। अपने साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न मैकेनिज्म की जल्द बैठकों पर सहमति बनी। विदेश विभाग के एक बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, खनन और प्रसंस्करण पर द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप देने पर चर्चा की। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जो भारत-अमेरिका आर्थिक और रणनीतिक संबंधों का एक केंद्रीय स्तंभ बनकर उभरा है।

### सऊदी अरब पहुंचे एनएसए अजीत डोभाल



*भारत राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सऊदी अरब के दौरे पर हैं। डोभाल की यह यात्रा पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते भू-राजनीतिक हालात के बीच हो रही है। डोभाल ने बुधवार को सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री, कैबिनेट सदस्य और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, डॉ. मुसैद बिन मोहम्मद अल-ऐबन के साथ मुलाकात की। मुलाकात के दौरान डोभाल ने डॉ. मूसाएद बिन मोहम्मद अल-ऐबन के साथ मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ क्षेत्रीय और आपसी हित के अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में रियाद में भारतीय दूतावास ने कहा कि दोनों के बीच हुई बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग, क्षेत्रीय मुद्दे और आपसी हित के अन्य विषय शामिल थे।*

### रक्षा मंत्री आसिफ का कबूलनामा

## बलूच लड़ाकों के खिलाफ लड़ने में सक्षम नहीं है पाकिस्तान की सेना

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर रही है। पाकिस्तान का दावा है कि आर्मी एक्शन में कम से कम 177 बलूच विद्रोहियों को मारा गया है। हालांकि बलूच राष्ट्रीय आंदोलन के प्रमुख नेता हकीम बलूच ने इस्लामाबाद के दावे को खारिज किया है। इस बीच पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इस बात को स्वीकार किया कि बीएलए की ताकत बहुत ज्यादा है। उन्होंने कबूल किया कि हमारे सैनिक वहां तैनात हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन इतने बड़े क्षेत्र की सुरक्षा और गश्त करने में वे शारीरिक रूप से असमर्थ हैं। उन्होंने स्वीकारा कि बलूच लड़ाके सेना से ज्यादा ताकतवर है। ख्वाजा ने कहा कि उनके पास ऐसे राइफल्स, नाइट विजन डिवाइसेज भी हैं।

## श्रीलंका पहुंचे भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष



**नई दिल्ली।** भगवान बुद्ध के पवित्र देवनीमोरी अवशेष इंडियन एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट सी-130जे से एक ऐतिहासिक प्रदर्शनी के लिए बुधवार को नई दिल्ली से श्रीलंका के लिए रवाना हो गए हैं। पवित्र अवशेष को कोलंबो के गंगारामया मंदिर में रखा जाएगा। इससे पहले कोलंबो में भारतीय हाई कमीशन ने बताया कि पवित्र अवशेषों को 4 से 11 फरवरी तक कोलंबो के गंगारामया मंदिर में रखा जाएगा, और 5 फरवरी से सार्वजनिक पूजा शुरू होगी। 11 फरवरी 2026 को पवित्र अवशेष वापस लाया जाएगा।

### महिला से यौन दुर्व्यवहार में भारतीय दोषी करार

न्यूयॉर्क। अमेरिका में भारतीय मूल के एक नागरिक को घरेलू उड़ान में महिला सहयात्री से यौन दुर्व्यवहार का दोषी ठहराया गया है। अदालत ने 38 वर्षीय वरुण अरोड़ा को साल 2024 में विमान में सवार होने के दौरान महिला यात्री के साथ यौन उत्पीड़न का दोषी पाया गया है। ऐसे में अब सात मई को होने वाली सुनवाई में उसे अधिकतम दो साल की जेल हो सकती है।

### जैश के टॉप कमांडर मावी सहित दो पाकिस्तानी आतंकी ढेर, सर्च जारी

**उधमपुर (एजेंसी)।** उधमपुर में सेना और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर रुबानी उर्फ अबू माविया सहित दो पाकिस्तानी आतंकियों ढेर कर दिया है। इनमें से एक आतंकी, रुबानी उर्फ अबू माविया जैश-ए-मोहम्मद का शीर्ष कमांडर था और क्षेत्र में कई वर्षों से सक्रिय था। बसंतगढ़ क्षेत्र के किया गांव के जंगलों में मंगलवार शाम सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सूचना के अनुसार, सेना और सुरक्षाबलों को इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली थी। इसके बाद सीआरपीएफ, व्हाइट नाइट कोर, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने मिलकर ऑपरेशन 'किया' नामक अभियान शुरू किया।

### पीएम मोदी दो दिवसीय यात्रा को मलेशिया की यात्रा पर जाएंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम मोदी 7-8 फरवरी को मलेशिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह मलेशिया के पीएम के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत करेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार पीएम मोदी को मलेशिया के पीएम दातो सेरी अनवर इब्राहिम ने आमंत्रित किया है। यह पीएम मोदी की मलेशिया की तीसरी यात्रा होगी और अगस्त 2024 में भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा दिए जाने के बाद पहली यात्रा होगी। इस यात्रा के दौरान वे पीएम अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। पीएम भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ उद्योग और व्यापार प्रतिनिधियों से भी बातचीत करेंगे।

### चीन बढ़ा रहा नौसैनिक क्षमता, 32 देशों में बनाए अड्डे

# अफ्रीका महाद्वीप में बीजिंग ने की 'घेराबंदी', पोर्ट को चला रहीं कंपनियां

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन अपनी नौसैनिक क्षमता का तेजी से बढ़ा रहा है। इसके लिए उसने अफ्रीका महाद्वीप को एक सैन्य अड्डे के रूप में चुना है। चीन ने अफ्रीका के 32 देशों में अपने युद्धपोतों के लिए बंदरगाहों का नेटवर्क तैयार किया है। इनमें से कई बंदरगाह चीनी सरकारी कंपनियां चला रही हैं। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि चीन ने पिछले एक दशक में पूरे अफ्रीका महाद्वीप में बंदरगाहों का कैसा जाल बिछा लिया है।

इसमें नाइजीरिया के लेक्की से लेकर केन्या के मोम्बासा तक शामिल हैं। इससे हिंद महासागर में भारत की भी टेंशन बढ़ सकती है, क्योंकि चीन रिंग ऑफ पर्ल के जरिए पहले ही जाल बिछा चुका है। ऐसे में चीन की नजर अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व को चुनौती देने पर है।

» *नाइजीरिया से लेकर केन्या तब बनाए*

» *सारे बंदरगाह चीन की सरकारी कंपनियों के*



हिंद महासागर में चीन के जलपोत

#### बंदरगाह युद्धपोतों को ठहराने के लिए डिजाइन

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अफ्रीका महाद्वीप में चीनी पैसों से बने बंदरगाहों को बीजिंग की सरकारी कंपनियां चलाती हैं। इन बंदरगाहों को न केवल व्यापार, बल्कि युद्धपोतों को ठहराने के लिए भी डिजाइन किया गया है। कई सैन्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि चीन इस विस्तार से नौसैनिक अड्डों का एक नेटवर्क बना रहा है, जो स्वेज नहर जैसे प्रमुख समुद्री मार्गों के पास युद्धपोतों को तैनात करने और वैश्विक नौवहन को रोकने में काम आ सकता है।

#### महत्वपूर्ण खनिज भी मिल रहे

*अफ्रीका में बने ये बंदरगाह चीन को तांबा और कोबाल्ट जैसी महत्वपूर्ण सामग्री तक पहुंच भी प्रदान करते हैं, जो लड़ाकू विमानों से लेकर स्मार्टफोन तक हर आधुनिक तकनीक के लिए महत्वपूर्ण हैं। अफ्रीका में बने कई बंदरगाह चीन निर्मित रेल और सड़क परियोजनाओं के माध्यम से खदानों से जुड़े हैं। ये चीन के दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के बाजार में वर्चस्व का समर्थन करते हैं और अमेरिका के खिलाफ एक खास ताकत प्रदान करते हैं। रिपोर्ट में विश्लेषकों के हवाले से बताया गया है कि इन बंदरगाहों के माध्यम से चीन इससे गुजरने वाले सामान और संवेदनशील कार्गो की निगरानी कर सकता है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28